रीवा

26 फरवरी 2025 बुधवार

दैनिक मीडियाऑडीटर

रीवा, सतना से एक साथ प्रकाशित



हार्दिक पंड्या को ...

@ पेज 7

# महंगी पड़ी नारेबाजी, दुकान पर चला बुलडोजर, पत्नी के साथ गिरफ्तार



**मुंबई (एजेंसी)।** महाराष्ट्र के सिंधुदुर्ग जिले में पुलिस ने एक शख्स और उसकी पत्नी को गिरफ्तार किया है। दोनों को चैंपियंस ट्रॉफी क्रिकेट मैच में पाकिस्तान की हार के बाद भारत के खिलाफ नारे लगाने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। एक

- **पाकिस्तान की हार के बाद शख्स ने भारत के खिलाफ की नारेबाजी**

अधिकारी ने बताया कि सोमवार को मालवण नगर परिषद के अधिकारियों ने सिंधुदुर्ग के तारकरली रोड पर 38 वर्षीय व्यक्ति की दुकान को अनधिकृत निर्माण बताते हुए बुलडोजर से ध्वस्त कर दिया। चैंपियंस ट्रॉफी के रविवार को दुबई में हुए एकतरफा मुकाबले में भारत ने पाकिस्तान को छह विकेट से



हरा दिया था। अधिकारी ने बताया कि कुछ स्थानीय लोगों ने रविवार रात सिंधुदुर्ग के मालवण थाने में कबाड़ कारोबारी किताबुल्ला हमीदुल्ला खान के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई, जो अपने परिवार के साथ तारकरली रोड पर रहता है। उन्होंने बताया कि शिकायत के अनुसार किताबुल्ला हमीदुल्ला खान ने अपनी पत्नी आयशा (35) और 15 वर्षीय बेटे के साथ कथित तौर पर ''भारत विरोधी'' नारे लगाए। अधिकारी ने बताया कि भारतीय क्रिकेट टीम के कप्तान रोहित शर्मा के आउट होने के बाद भी उन्होंने कथित तौर पर भारत के खिलाफ नारे लगाए थे। उन्होंने बताया कि कुछ स्थानीय लोगों ने कबाड़ कारोबारी की हरकत के विरोध में सोमवार को मालवण के देउलवाड़ा इलाके में बाइक रैली निकाली। अधिकारी ने बताया कि मामले की गंभीरता को देखते हुए सोमवार को कबाड़ कारोबारी और उसके परिवार के दो सदस्यों के खिलाफ धर्म के आधार पर समूहों के बीच दुश्मनी को बढ़ावा देने सहित विभिन्न आरोपों में मामला दर्ज किया गया। अधिकारी ने बताया कि कबाड़ कारोबारी और उसकी पत्नी को सोमवार को गिरफ्तार कर लिया गया, जबकि उनके बेटे को किशोर न्याय बोर्ड के समक्ष पेश किया गया। एक अन्य अधिकारी ने बताया कि सोमवार को मालवण नगर परिषद के अतिक्रमण हटाने वाले विभाग ने कबाड़ कारोबारी की दुकान को बुलडोजर से गिरा दिया, क्योंकि यह अनधिकृत थी और अवैध रूप से बनाई गई थी।

## संक्षिप्त समाचार

### पाकिस्तान सुप्रीम कोर्ट में होगी इमरान खान की याचिकाओं पर सुनवाई

**इस्लामाबाद (एजेंसी)।** पाकिस्तान के उच्चतम न्यायालय ने जेल में बंद पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की याचिकाओं पर शुक्रवार को सुनवाई करने का निर्णय लिया है। मीडिया की खबरों में मंगलवार को इस बारे में जानकारी दी गई है। इमरान खान ने नौ मई की हिंसा और पिछले साल हुए आम चुनावों में कथित धांधली की न्यायिक



जांच की मांग के लिए याचिका दायर की थी। %द एक्सप्रेस ट्रिब्यून अखबार% की खबर के अनुसार, न्यायमूर्ति अमीनुद्दीन खान की अध्यक्षता में पांच सदस्यीय संवैधानिक पीठ इमरान खान की याचिकाओं पर सुनवाई करेगी। इमरान खान ने नौ मई की हिंसा की जांच के लिए दिसंबर 2024 में याचिका दायर की थी। गौरतलब है कि, इस्लामाबाद उच्च न्यायालय परिसर से नौ मई 2023 को अर्धसैनिक रेंजर्स द्वारा इमरान खान को गिरफ्तार किया गया था। इसके बाद पाकिस्तान में हिंसक विरोध प्रदर्शन भड़क उठे थे। इमरान के समर्थकों ने जिन्ना हाउस (लाहौर कॉर्प्स कमांडर का घर) और फैसलाबाद स्थित आईएसआई कार्यालय सहित कई सैन्य प्रतिष्ठानों में तोड़फोड़ की थी। इमरान का आरोप है कि नौ मई की घटनाओं को उनके राजनीतिक विरोधियों ने सुनियोजित तरीके से अंजाम दिया था। इमरान खान का कहना है कि उन्हें हिंसा से जुड़े मामलों में ÷राजनीतिक प्रतिशोध÷ के कारण फंसाया गया है।

### पोप फ्रांसिस के लिए जारी है दुआओं का दौर

**वेटिकन सिटी (एजेंसी)।** पोप फ्रांसिस के स्वास्थ्य को लेकर चिंतित हजारों लोग सेंट पीटर स्क्वायर में एकत्र हुए और उनके शीघ्र स्वस्थ होने के लिए प्रार्थना की। फेफड़े के जटिल संक्रमण से पीड़ित 88 वर्षीय पोप फ्रांसिस 11 दिनों से अस्पताल में भर्ती हैं। वेटिकन में दूसरे नंबर की हैसियत रखने वाले कार्डिनल पिएत्रो पारोलिन ने 45 मिनट तक चली प्रार्थना का नेतृत्व किया। सर्दी और बारिश के बीच सोमवार रात में हुई प्रार्थना के दौरान लोगों ने



पोप के जल्द ठीक होने की कामना की। वेटिकन ने सोमवार शाम एक सकारात्मक स्वास्थ्य बुलेटिन जारी किया जिसमें हाल के दिनों की तुलना में पोप की स्थिति को बेहतर बताया गया। प्रार्थना सभा में एक रोमानिया के रॉबर्ट पिएत्रो ने कहा, ÷उन्हें तकलीफ में देखना दुखद है।÷ इससे पहले चिकित्सकों ने बताया था कि खून की जांच से पता चला है कि पोप फ्रांसिस के गुर्दे में खराबी के शुरुआती लक्षण दिख रहे हैं, लेकिन फिर भी स्थिति नियंत्रण में है। उन्होंने कहा था कि फ्रांसिस की हालत नाजुक बनी हुई है। उन्हें ऑक्सीजन दी जा रही थी और रविवार को उन्होंने लोगों से बात भी की थी, प्रार्थना सभा में भाग लिया था। चिकित्सकों ने चेतावनी दी थी कि फ्रांसिस के सामने मुख्य खतरा 'सेप्सिस' है, जो रक्त का एक गंभीर संक्रमण है। वेटिकन की ओर से उपलब्ध कराई गई अब तक की चिकित्सा जानकारी में 'सेप्सिस' की शुरुआत का कोई जिक्र नहीं किया गया है।

## केरल में गुइलेन बैरे सिंड्रोम से 58 वर्षीय शख्स की मौत

**कोच्चि (एजेंसी)।** केरल में गुइलेन बैरे सिंड्रोम से पीड़ित एक 58 वर्षीय शख्स की सोमवार को मौत हो गई। बता दें कि मृतक की पहचान जॉय इयपे के रूप में हुई हो जो मूल रूप से कोच्चि के कवाना का रहने वाला था। जॉय को इलाज के लिए कोट्टायम मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया था, जहां इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। इंडियन एक्सप्रेस में प्रकाशित एक खबर के मुताबिक, केरल में जीबीएस से मौत का यह पहला मामला है। जॉय का पिछले 28 दिनों से कोट्टायम मेडिकल कॉलेज में इलाज चल रहा था। डॉक्टरों ने जीबीएस को मौत की वजह बताई है। बता दें कि इस बीमारी से सबसे ज्यादा प्रभावित महाराष्ट्र का पुणे शहर है। जीबीएस के लक्षणों में पैर



का सुन्न होना और पैर में झुन्नी, मांसपेशियों का कामजोर होना और मांसपेशियों में दर्द होना शामिल है। बता दें कि जीबीएस एक दुर्लभ ऑटोइम्यून कंडिशन है, जिसमें इम्यून सिस्टम पेरिफेरल नर्व्स पर अटैक करती है। जीबीएस के ज्यादातर मामलों में दूषित पानी को अहम वजह माना गया है। वहीं न्यूज एजेंसी पीटीआई के मुताबिक, बीते दिनों पुणे में गुइलेन बैरे सिंड्रोम से ग्रसित 2 और लोगों की मौत हो गई है। इस तरह पुणे में जीबीएस से मरने वालों की कुल संख्या 11 पहुंच चुकी है। वहीं आंध्र प्रदेश में बीते दिनों गुइलेन-बैरे सिंड्रोम (जीबीएस) बीमारी से पीड़ित 45 वर्षीय महिला और एक नाबालिग लड़के की मौत हो गई। राज्य के स्वास्थ्य मंत्री सत्य कुमार यादव ने सोमवार को यह जानकारी दी। स्वास्थ्य मंत्री ने बताया कि कमलम्मा की मौत रविवार को गुंटूर के सरकारी जनरल अस्पताल में हुई जबकि 10 वर्षीय लड़के की दस दिन पहले श्रीकाकुलम के एक निजी मेडिकल कॉलेज में मृत्यु हो गई।

**सीएजी रिपोर्ट को लेकर बोले प्रवेश वर्मा**

## पूर्व की केजरीवाल सरकार को दी सीधी चेतावनी

**नई दिल्ल (एजेंसी)।** दिल्ली विधानसभा में नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक की रिपोर्ट पेश कर दी गई। सीएजी रिपोर्ट पेश किए जाने से पहले विधानसभा से आम आदमी पार्टी के सभी 22 विधायकों को दिनभर के लिए सस्पेंड कर दिया गया। वहीं, विधानसभा में सीएजी रिपोर्ट पेश होने से पहले डिप्टी सीएम प्रवेश वर्मा ने पूर्व की आप सरकार में शामिल मंत्रियों कड़ी चेतावनी दी है।



दिल्ली सरकार में डिप्टी सीएम और बीजेपी नेता प्रवेश वर्मा ने मंगलवार को कहा कि आज पेश की जाने वाली सीएजी रिपोर्ट आम आदमी पार्टी के भ्रष्टाचार को उजागर करेगी। वर्मा ने कहा कि रिपोर्ट पार्टी के गलत कामों की सीमा को उजागर करेगी और इस बात पर जोर दिया कि दिल्ली के लोगों और करदाताओं का फायदा उठाया गया है।

डिप्टी सीएम वर्मा ने कहा, %जिस सीएजी रिपोर्ट का हम बेसब्री से इंतजार कर रहे थे, वह आखिरकार आ गई है। आज हम आम आदमी पार्टी के भ्रष्टाचार की सीमा को उजागर करेंगे। हम देखेंगे कि यह कितना गंभीर था। दिल्ली के लोगों को लूटा गया है और करदाताओं का फायदा उठाया गया है।%

दिल्ली सरकार के एक अन्य मंत्री आशीष सूद ने कहा कि जिन्होंने लोगों से लूट की है, उन्हें अब इसे वापस करना होगा। उन्होंने कहा , %सभी की नजर सीएजी और रिपोर्ट में पाई जाने वाली अनियमितताओं पर है। जिसने लोगों से लूट की है, उसे इसे वापस करना होगा।% भाजपा विधायक रविंदर सिंह नेगी ने कहा, %हम तैयार हैं, आज कैग रिपोर्ट पेश की जाएगी। उनके द्वारा किए गए सभी भ्रष्टाचार की वसूली उनसे की जाएगी। कैग रिपोर्ट के आधार पर जांच की जाएगी और उनके आधे से अधिक मंत्रियों को जेल भेजा जाएगा।

सीएम रेखा गुप्ता ने पेश की सीएजी रिपोर्ट मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने दिल्ली विधानसभा में सीएजी की रिपोर्ट पेश की। सीएजी रिपोर्ट में पिछली आम आदमी पार्टी सरकार के दौरान हुई वित्तीय अनियमितताओं को उजागर करने की उम्मीद है। दिल्ली भाजपा प्रमुख वीरेंद्र सचदेवा ने कहा, %सीएजी रिपोर्ट आप के काले कारनामों की एक सूची है। हमने चुनावों के दौरान दिल्ली की जनता से वादा किया था कि जिसने भी भ्रष्टाचार किया है, उसे जवाब देना होगा।

## आरोपी मां को मिली जमानत

**मुंबई (एजेंसी)।** बंबई हाई कोर्ट ने 28 वर्षीय एक महिला को अपने 7 वर्षीय बेटे पर हमला करने के आरोप में जमानत देते हुए अहम टिप्पणी की। कोर्ट



ने कहा कि कोई भी मां अपने बच्चे की पिटाई नहीं करेगी। न्यायमूर्ति मिलिंद जाधव की एकल पीठ ने कहा कि शिकायतकर्ता बच्चे का पिता और आरोपी मां के बीच वैवाहिक विवाद है, जिसकी मार बच्चे पर पड़ रही है और वह बलि का बकरा बन गया है। हाई कोर्ट ने कहा कि लड़के की मेडिकल रिपोर्ट बताती है कि वह मिर्गी और नियमित दौरे से पीड़ित है, इसके साथ ही उसे कुपोषण और रक्ताल्पता की समस्या भी है। अदालत ने यह माना कि विभिन्न मेडिकल दस्तावेजों से पता चलता है कि आरोपी मां ने बच्चे की देखभाल और सहायता की जिम्मेदारी निभाई थी। यह मामला अक्टूबर 2023 का है, जब महिला और उसके साथी को बच्चे पर हमला करने के आरोप में गिरफ्तार किया गया था। बच्चे के जैविक पिता की शिकायत पर मुंबई के दहीसर पुलिस स्टेशन में प्राथमिकी दर्ज की गई थी।

## सिख विरोधी दंगे मामले में सज्जन कुमार को क्यों नहीं मिली फांसी

**मंगलवार को उम्रकैद की सजा सुनाई, अदालत ने कहा...**

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** दिल्ली की एक अदालत ने 1984 के सिख विरोधी दंगों से जुड़े हत्या के एक मामले में कांग्रेस के पूर्व सांसद सज्जन कुमार को मंगलवार को उम्रकैद की सजा सुनाई। अदालत ने कहा कि कुमार की वृद्धावस्था और बीमारियों को देखते हुए उन्हें मृत्युदंड के बजाय कम कठोर सजा दी गई है। विशेष न्यायाधीश कावेरी बावेजा ने एक नवंबर 1984 को जसवंत सिंह और उनके बेटे तरुणदीप सिंह की हत्या से जुड़े मामले में यह फैसला सुनाया। न्यायमूर्ति बावेजा ने कहा कि कुमार ने जो अपराध किए, वे निस्संदेह क्रूर और निंदनीय थे, लेकिन उनकी 80 साल की उम्र और बीमारियों सहित कुछ ऐसे कारक भी थे, जो ÷उन्हें मृत्युदंड के बजाय कम कठोर सजा देने के पक्ष में थे।÷

भारतीय कानून में हत्या के अपराध के लिए अधिकतम मृत्युदंड, जबकि न्यूनतम उम्रकैद की सजा देने का प्रावधान है। अदालत ने कहा, ÷जेल प्राधिकारियों की रिपोर्ट के मुताबिक अपराधी का 'संतोषजनक' आचरण, जिन बीमारियों से वह पीड़ित है, यह तथ्य कि अपराधी की समाज में जड़ें हैं और उसमें सुधार एवं पुनर्वास की गुंजाइश उन कारकों में शामिल हैं, जो मेरी राय में फैसले को



मृत्युदंड के बजाय आजीवन कारावास की सजा के पक्ष में झुकाते हैं। अदालत ने कहा कि ÷कुमार के व्यवहार को लेकर कोई शिकायत सामने नहीं आई है और जेल प्राधिकारियों की रिपोर्ट के हिसाब से उनका आचरण संतोषजनक था। न्यायमूर्ति बावेजा ने कहा कि यह मामला उसी घटना का हिस्सा है और इसे उसी घटना की निरंतरता के रूप में देखा जा सकता है, जिसके लिए कुमार को 17 दिसंबर 2018 को दिल्ली उच्च न्यायालय ने आजीवन कारावास की सजा सुनाई थी। उच्च न्यायालय ने कुमार को पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की हत्या के बाद हुए दंगों की एक घटना के दौरान पांच लोगों की मौत का दोषी ठहराया था।

## तमिलनाडु एक और भाषा युद्ध के लिए तैयार

**सीएम स्टालिन, लोकसभा परिसीमन मुद्दे पर भी बुलाई बैठक**

**चेन्नई (एजेंसी)।** तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एम के स्टालिन ने मंगलवार को बड़ा बयान दिया है। स्टालिन ने कहा है कि तमिलनाडु एक और भाषा युद्ध के लिए तैयार है। दरअसल, एमके स्टालिन केंद्र सरकार पर तमिलनाडु पर हिंदी को थोपने का आरोप लगा रहे हैं। इसे लेकर विवाद जारी है। सीएम एमके स्टालिन ने मंगलवार को कैबिनेट बैठक की अध्यक्षता करने के बाद ये भी बताया कि लोकसभा परिसीमन मुद्दे पर चर्चा के लिए आगामी 5 मार्च को सर्वदलीय बैठक बुलाने का फैसला किया गया है।

तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन से पूछा गया कि क्या केंद्र के कथित रूप से हिन्दी थोपने के मद्देनजर ''एक और भाषा युद्ध के बीज बोए जा रहे हैं? इस पर उन्होंने कहा- ÷हां, निश्चित रूप से। और हम इसके लिए तैयार हैं।÷ दरअसल, तमिलनाडु की सत्ता पर काबिज डीएमके तीन भाषा नीति का विरोध कर रही है। डीएमके का कहना है कि तमिलनाडु तमिल एवं अंग्रेजी भाषा से संतुष्ट है। डीएमके ने



केंद्र सरकार पर हिंदी थोपने का आरोप लगाया है। हालांकि, केंद्र सरकार हमेशा के इन आरोपों का खंडन करती रही है।

तमिलनाडु के सीएम एमके स्टालिन ने दावा किया है कि लोकसभा परिसीमन में तमिलनाडु को 8 सीटें खोने का खतरा है। उन्होंने कहा कि तमिलनाडु ने परिवार नियोजन कार्यक्रम को सफलतापूर्वक लागू किया। इस कारण वहां जनसंख्या नियंत्रण हुआ। सिर्फ इसलिए कि यहां जनसंख्या कम है इसलिए लोकसभा सीटों में कटौती की स्थिति है। स्टालिन ने सर्वदलीय बैठक बुलाते हुए सभी राजनीतिक दलों से एकता की अपील की है। स्टालिन ने दावा किया है कि परिसीमन के नाम पर दक्षिणी राज्यों पर तलवार लटक रही है।

सीएम एमके स्टालिन ने कहा कि तमिलनाडु सभी विकास सूचकांक में अग्रणी है। हालांकि, परिसीमन के बाद अब लोकसभा सीटों पर हार का खतरा सामने है। ऐसा इसलिए है क्योंकि ये प्रक्रिया राज्य की जनसंख्या के आधार पर होगी। स्टालिन ने कहा- ''हम 8 सीटें खोने जा रहे हैं और परिणामस्वरूप, हमारे पास केवल 31 सांसद होंगे, न कि 39। हमारा प्रतिनिधित्व (संसद में) कम हो जाएगा, तमिलनाडु की आवाज दबाई जा रही है। यह तमिलनाडु के अधिकारों का मामला है और सभी नेताओं एवं राजनीतिक दलों को पार्टी लाइन से हटकर इस मुद्दे पर एक साथ बोलना चाहिए।''

## महाकुंभ ने उत्तरप्रदेश के नए पंच तीर्थ को जोड़ा

**सीएम योगी ने पांच शहरों का लिया नाम**

**लखनऊ (एजेंसी)।** यूपी के सीएम योगी आदित्यनाथ ने विधान परिषद में कहा कि महाकुंभ ने प्रयागराज, अयोध्या, काशी, मथुरा, गोरखपुर को नए पंच तीर्थ के रूप में जोड़ा है। उन्होंने कहा कि प्रदेश अब नए युग की ओर अग्रसर हो रहा है। दरअसल, विधानमंडल बजट सत्र के छठवें दिन विधान परिषद में राज्यपाल के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर हुई चर्चा का सीएम योगी जवाब दे रहे थे। इस दौरान उन्होंने महाकुंभ के आयोजन को लेकर विपक्ष द्वारा लगाए गए आरोपों को सिरे से खारिज कर दिया। उन्होंने कहा कि महाकुंभ में सभी को अपनी दृष्टि के अनुरूप चीजें देखने मिली है। मुख्यमंत्री ने कहा ''महाकुंभ दुनिया में अब तक हुए सभी आयोजनों के रिकॉर्ड तोड़ रहा है। प्रयागराज महाकुंभ ने प्रदेश में नए पंच तीर्थ को जोड़ा है, जिसके माध्यम से श्रद्धालु प्रयागराज, अयोध्या, काशी, गोरखपुर,



मथुरा दर्शन करने लिए पहुंच रहे हैं।''

सीएम योगी ने कहा कि जब पूरा विश्व प्रयागराज के महाकुंभ की भव्यता और दिव्यता का साक्षी बन रहा है, तब विपक्ष सिर्फ आलोचना करने में व्यस्त है। उन्होंने कहा ''यह कोई साधारण आयोजन नहीं, बल्कि भारत की सनातन परंपरा, आस्था और संस्कृति का वह महोत्सव है, जिसने देश की प्रतिष्ठा को वैश्विक स्तर पर नई ऊंचाइयों तक पहुंचाया है।'' मुख्यमंत्री ने आंकड़ों का हवाला देते हुए बताया कि अब तक 64 करोड़ श्रद्धालु इस दिव्य आयोजन में शामिल हो चुके हैं, जो विश्व के किसी भी धार्मिक आयोजन में शामिल होने वाले लोगों की संख्या से कहीं अधिक है। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश आज एक नए युग की ओर बढ़ रहा है।

सीएम योगी ने कहा कि महान कार्यों के प्रति समाज का रवैया तीन चरणों से गुजरता है- उपहास, विरोध और अंततः स्वीकृति। उन्होंने कहा ''राम मंदिर निर्माण और महाकुंभ आयोजन के दौरान भी यही देखने को मिला। पहले विपक्ष ने तंज कसे, फिर विरोध किया, लेकिन अंततः वे भी इसी आस्था में समर्पित हो गए।'' उन्होंने कहा कि समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष स्वयं संगम में स्नान कर आए और नेता प्रतिपक्ष ने खुद को पहले सनातनी बताया, बाद में समाजवादी। ''यह उनकी स्वीकृति का प्रमाण है।''

सीएम योगी ने महाकुंभ की तुलना दुनिया के अन्य धार्मिक आयोजनों से करते हुए कहा कि मक्का में हज के दौरान 1.4 करोड़, वेटिकन सिटी में साल भर में 80 लाख, जबकि अयोध्या धाम में मात्र 52 दिनों में 16 करोड़ श्रद्धालु पहुंचे।

## मोबाइल फोन ने बचा ली जिंदगी, बदमाशों ने शख्स पर की फायरिंग

**झारसुगुड़ा (एजेंसी)।** ओड़िशा के झारसुगुड़ा से एक चौंकाने वाली घटना सामने आई है। यहां 29 साल के युवक आदित्य परुआ पर बदमाशों ने फायरिंग कर दी, लेकिन किस्मत ने उसका साथ दिया जिससे उसकी जान बच गई। दरअसल, आदित्य परुआ पर जब फायरिंग की गई तो गोली उसके पैंट की बाईं जेब में रखे मोबाइल फोन पर जा लगी। गोली फोन में ही फंस गई, जिससे आदित्य को गोली नहीं लगी। बताया जा रहा है कि एक निजी कंपनी में काम करने वाले आदित्य का कुछ लोगों से जमीन की बाउंड्री वॉल को लेकर विवाद चल रहा था।



रविवार को इसी बात को लेकर कहासुनी हुई, जिसमें 34 साल के आरोपी युवराज सिंह और 30 साल के उसके भाई भानु प्रताप सिंह ने आदित्य को गालियां दीं और मारपीट की। इसके बाद दोनों वहां से भाग गए।थोड़ी देर बाद, युवराज अपने कुछ साथियों को लेकर लौटा और आदित्य पर देसी कट्टे से गोली चला दी। हमलावरों को लगा कि आदित्य को गंभीर चोट लगी होगी, इसलिए वे भाग निकले। हालांकि जिस गोली से वह आदित्य को मारना चाहते थे, वह उसके मोबाइल फोन में फंस गई और आदित्य को एक खरोंच तक नहीं आई। पीड़ित ने तुरंत झारसुगुड़ा पुलिस स्टेशन पहुंचकर इसकी शिकायत दर्ज करवाई।

## ऑटोमोटिव और इलेक्ट्रिक वाहन में देश का प्रमुख केंद्र बनता मध्यप्रदेश

**मीडिया ऑडीटर, भोपाल ( एजेंसी )।** मध्यप्रदेश इलेक्ट्रिक मोबिलिटी और भविष्य के परिवहन समाधानों के लिए एक अग्रणी केंद्र के रूप में स्थापित होगा। ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट-2025 में एमपी मोबिलिटी एक्सपो ने राज्य की ऑटोमोटिव क्षेत्र में हुई प्रगति को प्रदर्शित किया गया। नवाचार और स्थिरता पर विशेष ध्यान देने के साथ-साथ निवेशकों को एमपी मोबिलिटी एक्सपो के उद्देश्य का महत्व प्रदर्शित करना था। मध्यप्रदेश ऑटोमोटिव और इलेक्ट्रिक वाहन के क्षेत्र में देश का एक प्रमुख केंद्र बनता जा रहा है। राज्य 30 से अधिक मूल उपकरण निर्माताओं और अगली पीढ़ी की मोबिलिटी पर जोर देने के साथ-साथ टिकाऊ और नवाचार वाले भविष्य की ओर तेजी से बढ़ रहा है। मध्यप्रदेश वाणिज्यिक वाहनों और कृषि उपकरणों के निर्माण के क्षेत्र में एक शीर्ष राज्य है। प्रदेश की औद्योगिक सहायक नीतियों और अपने मजबूत औद्योगिक बुनियादी ढांचे ने ऑटोमोटिव उद्योग के कई दिग्गजों को आकर्षित किया है। मध्यप्रदेश अगली पीढ़ी की मोबिलिटी के लिए भी तैयार हो रहा है। कई कंपनियां अपनी ईवी सुविधाओं की स्थापना में तेजी से आगे बढ़ रही हैं। इलेक्ट्रिक वाहनों की ओर यह परिवर्तन मध्यप्रदेश की पर्यावरण के अनुकूल परिवहन की नीति को बढ़ावा देने और कार्बन उत्सर्जन को कम करने की व्यापक रणनीति का हिस्सा है। दो सौ से अधिक ऑटो कंपोनेंट निर्माताओं के साथ राज्य ऑटोमोटिव उद्योग की बढ़ती मांगों को पूरा करने के लिए सुसज्जित है। यह निर्माता आपूर्ति श्रृंखला में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं, उपकरण निर्माताओं और अन्य हितधारकों को आवश्यक भागों और घटकों की आपूर्ति करते हैं। भारत का डेट्रॉइट के नाम से मशहूर पीथमपुर मध्यप्रदेश का एक प्रमुख औद्योगिक क्षेत्र है, जो कई मूल उपकरण निर्माताओं और एशिया के सबसे बड़े नेशनल ऑटोमोटिव टेस्ट ट्रैक्स का घर है। ऑटोमोटिव और ऑटो कंपोनेंट उद्योगों के लिए व्यापक परीक्षण और मूल्यांकन, अनुसंधान एवं विकास और प्रमाणन के लिए अत्याधुनिक सुविधाएं देता है। मध्यप्रदेश के ऑटोमोटिव उद्योग ने उल्लेखनीय वृद्धि हुई है, जिसमें टिकाऊ और इलेक्ट्रिक वाहन प्रौद्योगिकी पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है।

## मध्यप्रदेश भारत के प्रगतिशील राज्यों में से एक

**मीडिया ऑडीटर, भोपाल ( एजेंसी )।** मध्यप्रदेश भारत के प्रगतिशील राज्यों में से एक है। कृषि, पर्यटन, खनिज और फार्मास्युटिकल्स में है निवेश की असीम संभावनाएँ। ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट-2025 के अंतर्गत सेशन ग्लोबल साउथ - रीजनल इन ट्रेड एंड इन्वेस्टमेंट को-ऑपरेशन में डेलीगेट्स ने यह विचार व्यक्त किये। अध्यक्ष सीआईआई पश्चिमी क्षेत्र सुश्री स्वाति सालगांवकर ने कहा कि ग्लोबल साउथ देशों के साथ भारत आर्थिक, व्यापार और सांस्कृतिक संबंधों को मजबूत करने के लिये लगातार कार्य कर रहा है। मध्यप्रदेश भी इन देशों के साथ सांस्कृतिक और व्यापारिक संबंध बढ़ाने के लिये अग्रणी भूमिका निभा रहा है। श्री दुष्यंत ठाकुर ने ग्लोबल डेवलपमेंट पैक्ट के बारे में जानकारी दी। सुश्री मार्टिन मायरे ने भी विचार व्यक्त किये। दक्षिण अफ्रीका के फर्स्ट सेकेट्री पॉलिटिकल श्री खाटूटशेलो इ. थगवाना ने कहा कि भोपाल में आयोजित यह समिट निवेश के साथ संबंधों को समृद्ध करने में भी बहुत उपयोगी सिद्ध होगी। हम मिलकर कार्य करेंगे और निवेश के विभिन्न क्षेत्रों को एक्सप्लोर करेंगे। रवांडा की हाई कमिश्नर सुश्री जैकलिन मुकानगिरा ने कहा कि भोपाल की मेरी यह पहली यात्रा है। मैं मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव को शानदार आयोजन के लिये बधाई देती हूँ। उन्होंने कहा कि हमारे देश में भारत सबसे बड़ा इन्वेस्टर्स है। मध्यप्रदेश में ऐसे बहुत से क्षेत्र हैं जहाँ निवेश हो सकता है। वेनेजुएला के मिनिस्टर काउंसलर श्री जुआन गोल्डनिक ने कहा कि मध्यप्रदेश इन्वेस्टमेंट के लिये बेहतर डेस्टिनेशन है। उन्होंने कहा कि यह समिट बिजनेस और निवेश के लिये उपयोगी सिद्ध होगी। यूएई के डायरेक्टर ऑफ यूएई इंडिया सीईपीए काउंसिल श्री अहमद मोहम्मद मुबारक अलज़नेबी ने कहा कि निवेश के विभिन्न पहलुओं पर दोनों देश कार्य कर रहे हैं।

## कोलार में महाशिवरात्रि पर निकलेगी शिव बारात

**मीडिया ऑडीटर, भोपाल ( एजेंसी )।** कोलार में महाशिवरात्रि के अवसर पर महाकाल उत्सव समिति शिव बारात का आयोजन करने जा रही है। बारात 26 फरवरी को दोपहर 1 बजे ललिता नगर के निर्मलादेवी गेट से निकलेगी, जो विभिन्न मार्गों से होते हुए साईं नगर स्थित हनुमान मंदिर पहुंचेगी। समिति के अध्यक्ष संजय राठौर ने बताया कि इस बार 21 हजार रुद्राक्षों का वितरण किया जाएगा। बारात में 2100 महिलाएं कलश यात्रा में हिस्सा लेंगी। यह शिव बारात चलित झांकी के रूप में आयोजित की जाएगी। इस दौरान शिव-पार्वती के स्वरूप और नंदी सहित अन्य शिव गणों की झांकियां प्रमुख रुप से शामिल होंगी। मंदिर पर मिष्ठान और ठंडाई का वितरण किया जाएगा। महाकाल उत्सव समिति के संरक्षक प्रेम नारायण राठौर ने बताया कि पिछले 15 वर्षों से यह परंपरा अनवरत जारी है। बारात में ऊंट, घोड़े, पालकी, बैंड और नगाड़े भी शामिल रहेंगे।

# रिन्यूएवल एनर्जी से बिजली की 50 फीसदी आवश्यकता को करेंगे पूरा

**मीडिया ऑडीटर, भोपाल ( एजेंसी )।** रिन्युएवल एनर्जी से कुल बिजली खपत की आवश्यकता की 50 फीसदी को पूरा करने के लिये हम संकल्पबद्ध हैं। इस लक्ष्य को हम शीघ्र प्राप्त करेंगे। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के विकसित भारत के संकल्प को पूरा करने में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में मध्यप्रदेश में प्रयास जारी हैं। नवीन एवं नवकरणीय ऊर्जा मंत्री श्री राकेश शुक्ला ने जीआईएस-2025 के फीडर सोलेराइजेशन समिट को संबोधित करते हुए यह बात कही। मध्यप्रदेश के भोपाल में आयोजित ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट में सोमवार को माननीय नवीन एवं नवकरणीय ऊर्जा मंत्री श्री शुक्ला ने एक सोलर वैन को सौर ऊर्जा के प्रचार-प्रसार के लिये रवाना किया। यह सोलर वैन पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना और पीएम कुसुम योजना के तहत जन-जागरूकता अभियान का हिस्सा है।

ऊर्जा मंत्री श्री शुक्ला ने कहा कि मध्यप्रदेश में रिन्युएवल एनर्जी के क्षेत्र में असीम संभावनाएँ हैं। उन्होंने निवेशकों से कहा कि प्रदेश में निवेश के लिये अनुकूल वातावरण है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने निवेश के अनुकूल औद्योगिक नीतियों को लागू किया है। मंत्री श्री शुक्ला ने कहा कि निवेशकों के लिये प्रदेश के दरवाजे हमेशा खुले



हैं। निवेशक निश्चिंत होकर मध्यप्रदेश में निवेश करें।

समिट की शुरूआत में मध्यप्रदेश ऊर्जा विकास निगम के मैनेजिंग डायरेक्टर श्री अमनवीर सिंह ने पीएम कुसुम योजना पर प्रेजेंटेशन दिया।

.बैंकर्स सेशन में पीएम कुसुम योजना में बैंकर्स की भूमिका पर बैंक अधिकारियों ने विस्तार से जानकारी दी। निवेशकों द्वारा कुसुम योजना के संबंध में पूछे गये सवालों के समाधान कारक उत्तर भी सेशन में दिये गये। अपर मुख्य सचिव ऊर्जा श्री मनु श्रीवास्तव ने कुसुम योजना से जुड़े विभिन्न पक्षों की जानकारी पर निवेशकों द्वारा पूछे गये प्रश्नों का उत्तर दिया। बैंकर्स ने कुसुम योजना में बैंक द्वारा ऋण देने की प्रक्रिया को समझाया। बैंक से ऋण पर ब्याज की दर और ऋण भुगतान की प्रक्रिया से भी बैंकर्स ने अवगत कराया।

फीडर सोलेराइजेशन समिट में नवीन एवं नवकरणीय ऊर्जा मंत्री श्री शुक्ला की उपस्थिति में कृषि भूमि पर कृषकों द्वारा सोलर प्लांट लगाकर विद्युत उत्पादन से प्राप्त विद्युत को ऊर्जा विकास निगम द्वारा क्रय करने के पॉवर पर्चेज एग्रीमेंट भी हस्ताक्षरित किये गये।

रिन्यूएवल एनर्जी के क्षेत्र में 2 लाख करोड़ रूपये से अधिक के एमओयू पर हस्ताक्षर किये गये। निवेश करने वाले संस्थानों में रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड ने जैव ईंधन में 60 हजार करोड़, अवादा एनर्जी प्राइवेट लिमिटेड ने पंप हाइड्रो स्टोरेज में 50 हजार करोड़, टोरेंट पावर लिमिटेड ने पंप हाइड्रो स्टोरेज 26 हजसा 500 करोड़, ओपीजी पॉवर जनरेशन प्राइवेट लिमिटेड ने छोटा मॉड्यूलर रिएक्टर 13 हजार 400 करोड़, एमकेसी इंफ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड ने सौर ऊर्जा में 10 हजार करोड़, हेक्साट्रॉन इंडस्ट्रीज लिमिटेड ने सौर ऊर्जा में 10 हजार करोड़, ढाकरा एनर्जी पीएसपी प्राइवेट लिमिटेड ने सौर ऊर्जा में 10 हजार करोड़, श्री सिद्धार्थ इंफ्राटेक एंड सर्विसेज ( आई ) प्राइवेट लिमिटेड ने पंप हाइड्रो स्टोरेज 8 हजार 600 करोड़, आर-सौर ऊर्जा ने सोलर सेल मॉड्यूल में 600 करोड़, श्रीटेक डेटा लिमिटेड ने सौर ऊर्जा में 600 करोड़, लखन आनंद ग्रुप खंडवा ने सौर ऊर्जा में 500 करोड़, विंध्य रिन्यूएबल एसेट्स प्राइवेट लिमिटेड ने सौर और पवन में 250 करोड़, बायोमीथेन गज़टेक प्राइवेट लिमिटेड ने जैव ईंधन में 110 करोड़ और मेसर्स आर्पी ओवरसीज ने जैव ईंधन में 50 करोड़ रूपये के एमओयू पर हस्ताक्षर किये।

## भौगोलिक स्थिति, मजबूत लॉजिस्टिक्स और नीतियों से कपड़ा और परिधान उद्योग के लिए किफायती राज्य

**मीडिया ऑडीटर, भोपाल ( एजेंसी )।** ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट - भोपाल में सीआईआई की टेक्सटाइल्स एंड अपैरल की राष्ट्रीय समिति की बैठक में उद्योग जगत के प्रतिनिधियों ने मध्यप्रदेश को कपड़ा उद्योग के निवेश के लिए एक प्रमुख केंद्र बताया। समिति के अध्यक्ष श्री कुलिन लालभाई ने कहा कि मध्यप्रदेश अपनी भौगोलिक स्थिति, बेहतर लॉजिस्टिक्स और निवेश अनुकूल नीतियों के कारण कपड़ा और परिधान उद्योग के लिए प्रतिस्पर्धात्मक रूप से किफायती राज्य बन गया है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के विशेष प्रयास से कपड़ा उद्योग को बढ़ावा मिल रहा है। श्रम-प्रधान क्षेत्र होने से इसमे बड़े पैमाने पर रोज़गार सृजन होता है। उन्होंने बताया कि मध्यप्रदेश देश का पहला राज्य होगा, जहाँ पीएम मित्र पार्क मूर्त रूप लेगा।

राज्य सरकार उद्योगों को बढ़ावा देने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव टेक्सटाइल उद्योग की सहायता के लिये संवेदनशील हैं। उन्होंने उद्योगो को बढ़ावा देने के लिये हर स्तर से सहायता प्रदान करने का आश्वासन दिया है। बैठक में उपस्थित औद्योगिक विशेषज्ञों और सीआईआई प्रतिनिधियों ने कहा कि मध्यप्रदेश छोटे और बड़े स्तर के टेक्सटाइल निवेश के लिए तैयार है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने आश्वस्त किया है कि राज्य सरकार उद्योगों के विकास के लिए हरसंभव सहयोग देगी। मध्यप्रदेश ने खुद को फार्म-टू-फाइबर, फाइबर-टू-फैब्रिक, फैब्रिक-टू-फैशन, और फैशन-टू-फॉरेन के विजन को दृष्टिगत रखते हुए कपड़ा उद्योग की पूरी मूल्य श्रृंखला के लिए एक आदर्श स्थान के रूप में स्थापित किया है। अब टियर-2 और टियर-3 शहरों की ओर बढ़ने का समय औद्योगिक प्रतिनिधियों ने कहा कि अब टियर-2 और टियर-3 शहरों की ओर बढ़ने का समय है, जहाँ नीतिगत लाभों का अधिकतम उपयोग किया जा सकता है।

## जापान से मध्यप्रदेश में निवेश के खुलेंगे नए द्वार

**मीडिया ऑडीटर, भोपाल ( एजेंसी )।** ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट में पार्टनर कंट्री जापान के साथ आर्थिक सहयोग बढ़ाने और मध्यप्रदेश में निवेश के नए द्वार खोलने के लिए एक महत्वपूर्ण क्रॉस कंट्री सेशन का आयोजन किया गया। सेशन में जापान और मध्यप्रदेश के बीच आर्थिक सहयोग, तकनीक हस्तांतरण और साझा विकास के अवसरों पर चर्चा हुई। इसमें जापान और भारत के उद्योग जगत के प्रमुख प्रतिनिधियों ने भाग लिया और निवेश एवं व्यापारिक संबंधों को सशक्त करने के विभिन्न पहलुओं पर अपने विचार रखे। कौंसुलेट जनरल ऑफ जापान श्री यागी कोज़ी, जापान एक्सटर्नल ट्रेड ऑर्गेनाइजेशन (जेट्रो) के डायरेक्टर जनरल श्री हीरोयुकी कितामारु, जेट्रो के डायरेक्टर संजय भाटिया और ब्रिजस्टोन इंडिया के मैनेजिंग डायरेक्टर श्री हिरोशी योशीजाने ने अपने विचार रखे। इन विशेषज्ञों ने जापान और मध्यप्रदेश के बीच आर्थिक सहयोग को और अधिक सशक्त बनाने के लिए विभिन्न सुझाव दिये। सेशन के दौरान जापानी प्रतिनिधियों ने मध्यप्रदेश में निवेश की संभावनाओं, औद्योगिक विकास, तकनीकी और व्यापारिक साझेदारी पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने कहा कि राज्य में ऑटोमोबाइल, मैन्युफैक्चरिंग, आईटी, फार्मा, इलेक्ट्रॉनिक्स और नवकरणीय ऊर्जा जैसे क्षेत्रों में जापानी कंपनियों के लिए असीम संभावनाएं मौजूद हैं। कौंसुलेट जनरल श्री यागी कोज़ी ने अपने संबोधन में कहा कि जापान और भारत के संबंध ऐतिहासिक रूप से काफी मजबूत रहे हैं और हाल के वर्षों में दोनों देशों के बीच व्यापारिक गतिविधियाँ बढ़ी हैं।

# मध्यप्रदेश में निवेश के नए अवसर, विकास की नई राहें: एमडी यादव

**मीडिया ऑडीटर, भोपाल ( एजेंसी )।** ग्लोबल इन्वेस्टर समिट-2025 के पहले दिन सड़क अवसंरचना में तेजी: निवेश, नवाचार और संभावनाएं थीमैटिक सत्र का आयोजन किया गया। इस सत्र में सार्वजनिक एवं निजी भागीदारी, विदेशी निवेश संभावनाओं, सतत एवं स्मार्ट अवसंरचना विकास, बहु-मोडल कनेक्टिविटी और प्रधानमंत्री गति शक्ति योजना में निवेश के अवसरों पर विस्तार से चर्चा की गई। सत्र में एमपीआरडीसी के प्रबंध निदेशक श्री भरत यादव, सेवानिवृत्त महानिदेशक, सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय श्री आई.के. पांडेय, क्षेत्रीय अधिकारी भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण श्री एस.के. सिंह, मुख्य परिचालन अधिकारी क्यूब हाईवेज डॉ. राजू, प्रबंध निदेशक पाथ इंडिया श्री नितिन अग्रवाल, कार्यकारी उपाध्यक्ष एसबीआई कैप्स श्री मुकुल मोदी सहित कई राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय निवेशकों, उद्योगपतियों और नीति-निर्माताओं ने भाग लिया। मध्यप्रदेश में




सड़क अवसंरचना क्षेत्र में निवेश और विकास की संभावनाओं पर गहन विमर्श हुआ। सत्र की शुरुआत में एमपीआरडीसी के प्रबंध निदेशक श्री यादव ने एक विस्तृत प्रस्तुतीकरण दिया, जिसमें मध्यप्रदेश के सड़क नेटवर्क, निवेश अवसरों और नवाचारों पर प्रकाश डाला गया। उन्होंने बताया कि मध्यप्रदेश तेजी से भारत के इंफ्रास्ट्रक्चर हब के रूप में उभर रहा है। उन्होंने बताया कि मध्यप्रदेश 47 राष्ट्रीय राजमार्गों से जुड़ा हुआ है और 3.5 लाख किलोमीटर से अधिक सड़क नेटवर्क इसे देश के प्रमुख व्यापारिक केंद्रों से जोड़ता है। इसके अलावा, राज्य में 6 वाणिज्यिक हवाई अड्डे, 26 एयर-स्ट्रिप्स और एक अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा हैं, जो वैश्विक कनेक्टिविटी को और अधिक सशक्त बना रहे हैं।

## प्रदेश के नगरीय निकायों में पीपीपी मॉडल पर नागरिकों की बुनियादी सुविधाओं पर कार्य

**मीडिया ऑडीटर, भोपाल ( एजेंसी )।** प्रदेश में नगरीय निकाय शहरी क्षेत्रों में जनसुविधा के कार्यों को पीपीपी मॉडल पर करने के लिये योजना बना रही है। प्रदेश कुछ शहरों में इसके अच्छे परिणाम भी सामने आये है। कुछ कार्यों में नगरीय निकायों में नवीन कार्य के साथ संचालन और उनके व्यय की जिम्मेदारी कंपनी को सौंपी गयी है। इन कार्यों में प्रायवेट कंपनियों द्वारा निवेश भी किया गया है। रीवा में पब्लिक, प्राईवेट,पार्टनर्शिप (पीपीपी) मॉडल पर नागरिकों की बुनियादी सुविधाओं को बढ़ाने के लिए मध्यप्रदेश गृह निमार्ण मण्डल ने प्रोजेक्ट तैयार कर भवन तैयार किए है। इनमें कलेक्ट्रेट भवन, ऑडिटोरियम, आई.टी.आई भवन, स्पोटर्स कॉम्पलेक्स, रतहरा तालाब सौंदर्यीकरण, कर्मचारियों के लिये आवास का निर्माण, रिवर फ्रंट का विकास, सेण्ट्रल पार्क और फूड ज़ोन का निर्माण शामिल है। गृह निर्माण मण्डल नें शहर में सेंट्रल लाइब्रेरी, नवीन अतिथि गृह और बस स्टैंड का निर्माण भी किया है। यह सभी कार्य पीपीपी मॉडल अंतर्गत किए गये है। इन सभी कार्यो की लागत करीब 250 करोड़ रुपये है। गृह निर्माण मण्डल आगामी प्रस्तावित योजनाओं में मॉडल रोड का सौंदर्यीकरण, अन्तर्राज्जीय बस टर्मिनल ( आईएसबीटी) का निर्माण ,रिवर फ्रंट फेस का विकास, लॉजिस्टिक्स हब, स्मार्ट टॉयलेट्स, मल्टी लेवल पार्किंग का निर्माण भी पीपीपी मॉडल पर करने जा रहा है। शहर में जिन नई योजना पर कार्य किया जा रहा है उनकी लागत 150 करोड़ रुपये है। रतलाम शहर में 134 करोड़ रुपयें लागत से एमपी हॉउसिंग बोर्ड द्वारा गोल्ड कॉम्प्लेक्स का निर्माण किया जा रहा है।

## इन्वेस्टिंग इन हयूमन केपिटल - स्किल डेवलपमेंट सत्र में मंत्री द्वय टेटवाल और परमार के समक्ष हुये 8 एमओयू

**मीडिया ऑडीटर, भोपाल ( एजेंसी )।** भोपाल में आयोजित ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट-2025 में इन्वेस्टिंग इन ह्यूमन केपीटल-कौशल विकास विषय पर केंद्रित सत्र में उद्योगों की आवश्यकताओं के अनुरूप प्रशिक्षित कार्यबल तैयार करने की रणनीतियों पर गहन मंथन हुआ। कौशल विकास एवं रोजगार राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्री गौतम टेटवाल ने कहा कि उद्योगों के विकास के लिए प्रशिक्षित और दक्ष मानव संसाधन सबसे महत्वपूर्ण कारक है। उन्होंने कहा कि औद्योगिक प्रगति के साथ ही प्रदेश के युवाओं को नवीनतम तकनीकों में दक्ष बनाना सरकार की प्राथमिकता है, जिससे वे वैश्विक प्रतिस्पर्धा के अनुरूप अपनी भूमिका सुनिश्चित कर सकें। मंत्री श्री टेटवाल ने कहा कि मध्यप्रदेश सरकार शासन कम, सुशासन




अधिक की नीति के साथ काम कर रही है, जिसमें केवल सरकारी स्तर पर पहल न होकर निजी क्षेत्र की भागीदारी भी सुनिश्चित की जा रही है।

प्रदेश सरकार का प्रयास है कि उद्योगों और प्रशिक्षण संस्थानों के बीच समन्वय स्थापित किया जाए, जिससे औद्योगिक आवश्यकताओं के अनुरूप गुणवत्तापूर्ण प्रशिक्षण प्रणाली विकसित हो। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी एवं मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में देश एवं प्रदेश ने कौशल विकास को औद्योगिक नीति का अभिन्न अंग बनाया है, जिससे प्रदेश के युवाओं को आधुनिक औद्योगिक आवश्यकताओं के अनुरूप प्रशिक्षित किया जा सके। उच्च शिक्षा, तकनीकी शिक्षा एवं आयुष मंत्री श्री इंदर सिंह परमार ने निवेशकों से कहा कि मध्यप्रदेश में निवेश के लिये आपकी भागीदारी अभिनंदनीय है। शिक्षा में मध्यप्रदेश निरंतर आगे बढ़ रहा है। तकनीकी शिक्षा में निवेश कर सरकार के सहभागी बनें। आप कैम्पस चयन की तरह ही संस्थाओं का चयन कर उनमें सेंटर खोलें, ताकि स्किल्ड युवा मिल सकें। प्रदेश में हम परम्परागत कोर्स को बदलकर इण्डस्ट्री की मांग अनुसार कोर्स सम्मिलित करते जा रहे हैं। मंत्री श्री परमार ने तकनीकी एवं उच्च शिक्षा में निवेश करने का भी आह्वान निवेशकों से किया।

सत्र में मध्यप्रदेश के शिक्षा और कौशल विकास परिदृश्य में दो महत्वपूर्ण निवेश की घोषणाएँ की गई हैं, जो प्रदेश को शिक्षा और प्रशिक्षण के क्षेत्र में एक नई ऊँचाई पर ले जाएंगी।

# प्रदेश का औद्योगिक परिदृश्य के लिये एमएसएमई उपलब्ध करा रहा है नये अवसर

**मीडिया ऑडीटर, भोपाल ( एजेंसी )।** मध्यप्रदेश का हर शहर अपने आप में एक आर्थिक केंद्र है। इंदौर में फार्मास्यूटिकल्स, टेक्सटाइल और ऑटो-कंपोनेंट के क्लस्टर हैं। प्रदेश में एक विविध औद्योगिक परिदृश्य है जो एमएसएमई के लिए नए अवसर देता है। राज्य में सूती वस्त्र, कृत्रिम कपड़े, चीनी मिलें, वनस्पति तेल, सोयाबीन तेल, सीमेंट, भारी विद्युत उपकरण, कागज और फर्नीचर जैसे उद्योग स्थापित हैं। इसके अलावा 15 से ज्यादा औद्योगिक क्लस्टर हैं। प्रत्येक क्लस्टर की अपनी विशेषज्ञता है। ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट में भारतीय उद्योग परिसंघ मध्य प्रदेश ने एमएसएमई के विकास के लिए नए अवसरों की पहचान के लिए विशेषज्ञों की विशेष मीटिंग बुलाई है। श्री सुधीर मुतालिक, सदस्य-



सीआईआई राष्ट्रीय परिषद ने कहा की मध्यप्रदेश के तेज गति से आर्थिक विकास करने के लिए एमएसएमई के सभी सेक्टरों को तेजी से आगे बढ़ाने के लिए सभी स्तरों पर निवेश की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि मध्यप्रदेश से जुड़े कई राज्यों ने पारंपरिक कारणों से एमएसएमई के क्षेत्र में आगे बढ़कर काम किया है। मध्यप्रदेश में इसकी असीम संभावना है। अब इस सेक्टर को और अधिक आगे बढ़ाने के लिए नई नीति भी आ गई है। उन्होंने विशेषज्ञों से आग्रह किया कि वे अनुभव से मध्यप्रदेश में एमएसएमई विकास को बढ़ावा देने के लिए नीतियों और रणनीतियों को आकार देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएं। विस्तृत चर्चा में सुश्री प्रियंका दास, सचिव, एमएसएमई विभाग, मध्यप्रदेश, श्री कुलीन लालभाई, अध्यक्ष, सीआईआई राष्ट्रीय वस्त्र एवं परिधान समिति, डॉ के नंदकुमार, सदस्य, सीआईआई राष्ट्रीय परिषद अध्यक्ष, नीति एवं व्यापार सुगमता पर कोर समूह, सीआईआई राष्ट्रीय एमएसएमई परिषद और श्री आशीष वैश्य, अध्यक्ष, सीआईआई मध्य प्रदेश और अन्य सभी प्रतिभागी शामिल रहे। भोपाल जैव प्रौद्योगिकी, सूचना प्रौद्योगिकी और खाद्य प्र-संस्करण के केंद्र के रूप में उभर रहा है। सरकार वित्तीय प्रोत्साहन, बुनियादी ढांचे के विकास, नीतिगत सुधार और कौशल कार्यक्रमों सहित विभिन्न रूपों में सक्रिय रूप से सहायता प्रदान कर रही है। सरकार का पूरा ध्यान एमएसएमई को बाजारों तक पहुंच बनाने, तकनीकी अपनाने और वित्तीय समावेशन में सुधार करने पर केंद्रित है।

# विचार

## सनातन, आस्था व विकास को समर्पित योगी सरकार का बजट

उत्तर प्रदेश की योगी सरकार ने वर्ष 2025-26 के लिए सनातन को समर्पित करते हुए सामाजिक सरोकारों वाला व्यापक बजट प्रस्तुत किया है जिसमें समाज के प्रत्येक वर्ग तथा जीवन के हर क्षेत्र का ध्यान रखा गया है। सर्वसमावेशी होने के कारण छात्र, किसान, व्यापारी, महिलाएं, विषय विशेषज्ञ और उद्योगपति सभी इस बजट की सराहना कर रहे हैं। बजट में धर्मस्थलों के विकास व पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए पर्याप्त धन दिया गया है। प्रदेश सरकार के बजट में हर उस क्षेत्र तक पहुंच बनाने का प्रयास किया गया है जो आर्थिक विकास की दृष्टि से महत्वपूर्ण है। बजट में अयोध्या, मथुरा, नैमिषारण्य और चित्रकूट जैसे धार्मिक स्थलों पर विशेष ध्यान दिया गया है।

प्रदेश के वित्तमंत्री सुरेश खन्ना ने बजट भाषण का प्रारम्भ महाकुंभ के आयोजन से किया और फिर धर्मस्थलों के विकास के लिए अपना खजाना खोल दिया। श्री काशी विश्वनाथ धाम कॉरिडोर व मां विन्ध्यवासिनी कॉरिडोर की स्थापना के बाद सरकार मथुरा में श्री बांकेबिहारी जी महाराज मंदिर, मथुरा-वृंदावन कॉरिडोर का निर्माण करायेगी। इसके लिए भूमि उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए 100 करोड़ और निर्माण के लिए 50 करोड़ रु. का प्रावधान किया गया है। नैमिषारण्य में वेद विज्ञान केंद्र की स्थपना के लिए 100 करोड़ रु. खर्च किये जायेंगे। इस महत्वाकांक्षी परियोजना के लिए पहले ही 25 करोड़ बजट के साथ पांच एकड़ भूमि आवंटित की जा चुकी है। इस अंतरराष्ट्रीय स्तर के केंद्र में वैदिक पर्यावरण, वैदिक गणित, वैदिक विधिशास्त्र, वैदिक योग विज्ञान, वैदिक वन औषधियां वनस्पति आदि पाठ्यक्रम होंगे। यहां पर बड़े वैदिक पुस्तकालय का भी निर्माण कराया जाएगा, साथ ही वेदशाला,वैदिक संग्रहालय, तारा मंडल, संगोष्ठी कक्ष बनाये जाएंगे। केंद्र में गुरुकुल व आधुनिक पद्धति के अंतर्गत कक्षाएं बनायी जायेंगी।

मुख्यमंत्री पर्यटन स्थल विकास योजना के तहत 400 करोड़ रु. खर्च किये जायेंगे। अयोध्या में पर्यटन अवस्थापना विकास के लिए 150 करोड़ रु. का प्रावधान किया गया है। इसी तरह मथुरा में 125 करोड़ नैमिषारण्य मे 100 करोड़ चित्रकूट में 50 करोड़ खर्च करने का प्रावधान किया गया है। मिर्जापुर में मां विन्ध्यवासिनी मंदिर, मां अष्टभुजा मंदिर मां काली खोह मंदिर के परिक्रमा पथ व जनसुविधा स्थलों का विकास किया जायेगा। संरक्षित मंदिरो के जीर्णोद्वार के लिए 30 करोड़, महाभारत सर्किट के पर्यटन विकास के लिए 10 करोड़, जैन सर्किट के विकास के लिए भी धन उपलब्ध कराया गया है। विभिन्न सांस्कृतिक गतिविधियों के लिए भी धन का प्रावधान किया गया है।

# औपचारिक और बेहतर कर्ज से किसानों की बढ़ती उत्पादकता

**उमेश चतुर्वेदी**

**साल 2025-26 के बजट में किसान क्रेडिट कार्ड पर किसानों को मिलने वाले तीन लाख रूपए के कर्ज को बढ़ाकर पांच लाख कर दी गई है। इसका जिक्र करते हुए केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने हाल ही में एस पर लिखा है कि इससे सब्जी-फल, हॉर्टिकल्चर की खेती करने वाले किसानों को विशेष रूप से लाभ होगा। अब वे खेती में ज्यादा पैसे लगा सकते हैं, ये उत्पादन की लागत घटाने के उपाय हैं। हालांकि किसान संगठनों को लगता है कि इसका जितना फायदा सोचा जा रहा है, उतना नहीं होने वाला है। किसान संगठनों की मांग है कि किसान क्रेडिट की सीमा बढ़ाने के साथ ही किसानों पर बकाया कर्जों को अगर माफ कर दिया जाए तो किसान जहां ज्यादा खुशहाल होंगे।**



भारत सरकार के आंकड़ों के अनुसार, देश की कुल जनसंख्या का 46.1 प्रतिशत हिस्सा खेती-किसानी और उससे जुड़े कार्यों से अपनी रोजी-रोटी चलाता है। हालांकि कुछ जानकारों का मानना है कि यह संख्या और भी ज्यादा हो सकती है। सरकार के ही आंकड़ों के अनुसार देश के 12 करोड़ किसान परिवार सीमांत हैं। इनमें करीब 35 प्रतिशत की जोत 0.4 हेक्टेयर से कम है, जबकि 69 प्रतिशत किसानों के पास एक हेक्टेयर से कम जमीन है। आंकड़ों के अनुसार देश के 82 प्रतिशत किसान छोटे या सीमांत हैं। जिनकी जोत 0.4 हेक्टेयर से कम है, उनकी खेती से सालाना आमदनी आठ हजार रूपए के आसपास है। जाहिर है कि देश के किसानों के बड़े हिस्से के पास बिक्री के लिए उपज ही नहीं होती। खेती के जरिए वे जो अन्न या सब्जी उपजाते हैं, उनका इस्तेमाल अपने खाने-पीने में ही करते हैं। नरेंद्र मोदी सरकार ने 2014 में सत्ता संभालते ही किसानों की आय 2022 तक दोगुना करने का वादा किया था। उसके लिए जो कदम उठाए गए, उसी कड़ी में किसान क्रेडिट कार्ड की शुरूआत भी थी। इसके फायदे हुए भी हैं। लेकिन जो लक्ष्य रखा गया था, उसे पाना अब भी कठिन चुनौती बना हुआ है।

शिवराज सिंह चौहान का कहना ठीक है कि किसान क्रेडिट कार्ड की सीमा बढ़ाने का फायदा किसानों को होगा। इसकी तस्दीक हाल ही में राष्ट्रीय स्तर पर हुए कृषि सर्वेक्षण से जुड़े घरेलू स्तर के आंकड़ों का आकलन भी बताता है। घरेलू स्तर के आंकड़ों के जरिए कृषि में उत्पादकता और उसके जोखिम के साथ ही कृषि ऋण के प्रभाव का आकलन भी किया गया था। इस आकलन के नतीजे बताते हैं कि अगर किसानों को समय पर उचित कर्ज मिलता है तो उससे उसकी उत्पादकता में 24 प्रतिशत तक की बढ़ोतरी दिखने लगती है। इससे किसानों को होने वाले नुकसान का जोखिम 16 फीसद तक कम हो जाता है।

महाजनी सभ्यता और अनौपचारिक कर्ज व्यवस्था के जोखिम और उससे उपजे खराब हालात से जूझते किसानों की दयनीय और मार्मिक कहानियों से भारतीय साहित्य भरा पड़ा है। हिंदी कथा सम्राट प्रेमचंद का मशहूर उपन्यास गोदान ऐसी ही कथाभूमि पर रचा गया गया है। उसे कृषक के दारूण जीवन की महागाथा कहा जाता ही है। बहरहाल यह अध्ययन मानता है कि किसानों को अगर औपचारिक क्षेत्र का ऋण मिलता है तो उसकी उपज और उसकी जिंदगी पर उस कर्ज का महत्वपूर्ण प्रभाव पड़ता है, जबकि अनौपचारिक यानी महाजनी कर्ज व्यवस्था का किसानों के जीवन पर नकारात्मक प्रभाव अधिक होता है। साफ है कि किसानों को अगर सही तरीके से औपचारिक कर्ज सही वक्त पर दीर्घकालिक अवधि के लिए मिले तो उसकी जिंदगी में महत्वपूर्ण बदलाव आ सकता है। कुछ अन्य अध्ययन भी बताते हैं कि अगर किसानों को समय पर दीर्घकालिक और औपचारिक कर्ज मिलता है तो उसकी खेती को जरूरतों को पूरा करने में उसे मदद मिलती है। इससे उसकी उत्पादकता बढ़ने की गुंजाइश बढ़ जाती है। किसान की उपज बढ़ जाती है, फसल तैयार भी हो जाती है, लेकिन उसे बेचने के लिए सही बाजार तक पहुंच के लिए रकम नहीं होती तो उसे अपनी फसल और उपज औने-पौने दामों में बेचनी पड़ती है। लेकिन अगर किसान को सही तरीके से औपचारिक कर्ज मिलता है तो उस पर तात्कालिक आर्थिक दबाव नहीं रहता और फ़सल के बाद के खर्चों को पूरा करने में उसे मदद मिलती है। अगर किसानों के पास कुछ पैसे रहते हैं तो उस पर घरेलू जरूरतों का दबाव नहीं झेलना पड़ता और उसे अपने घरेलू खर्चों को पूरा करने में जहां सहायता मिलती है, वहीं इसके लिए उसे अपनी उपज सेंतमेत में बेचने को मजबूर नहीं होना पड़ता। इस कर्ज से किसान अपने कृषि उपकरणों और दूसरी अवसंरचनाओं को आसानी से रखरखाव कर सकता है। अध्ययन बताते हैं कि समय बद्ध और सहूलियत भरे अधिक कर्ज के जरिए किसानों को पशुपालन, डेयरी, मत्स्य पालन जैसे कृषि आधारित और सहयोगी कामों को आगे बढ़ाने में मदद होती है। इस पूरी प्रक्रिया का असर यह होता है कि किसान की आर्थिक सुरक्षा मज़बूत हो जाती है। तब वह बाजार और अपने उपज की वाजिब कीमत का इंतजार भी कर सकता है। आर्थिक सहूलियत रहने से समय पर वह जरूरी खाद और दवाओं को खरीदकर उनका खेती में इस्तेमाल कर सकता है। इसके साथ ही वह दूसरे खर्चों का दबाव भी नहीं महसूस कर सकता है।

बीती 31 जनवरी को को संसद में पेश आर्थिक सर्वेक्षण के अनुसार देश में मार्च 2024 तक 7.75 करोड़ किसान क्रेडिट कार्ड जारी किए जा चुके थे। इनके जरिए किसानों को 9.81 लाख करोड़ रुपये की राशि दी जा चुकी है। यह रिपोर्ट भी कहती है कि छोटे और सीमांत किसानों को लाभ देने के चलते खेती की उत्पादकता और किसानों की आय बढ़ाने में मदद मिल रही है। इस रिपोर्ट के अनुसार, देश के 5.9 करोड़ किसानों को किसान क्रेडिट योजना का फायदा उठा रहे हैं। किसानों की उत्पादकता बढ़ाने को ही ध्यान में रखते हुए बैंकों को स्पष्ट निर्देश है कि अपने कर्ज का कम से कम 40 प्रतिशत हिस्सा कृषि और छोटे किसानों को दें। इसके जरिए कोशिश की जा रही है कि छोटे और सीमांत किसानों को आसानी से औपचारिक कर्ज तो मिल ही सके, उन्हें महंगी दर पर अवशोषक अंदाज में मिलने वाली निजी कर्ज राशि पर निर्भरता ना रहे। आर्थिक सर्वेक्षण के अनुसार, अब साहूकार जैसे गैर-बैंकिंग कर्जदाताओं पर किसानों की निर्भरता घटकर 1950 के 90 फीसद की तुलना में 2022 में सिर्फ 25 फीसद रह गई। साफ है कि अब ज्यादातर किसान बैंक और संस्थागत स्रोतों से कर्ज ले रहे हैं, जिससे उनकी आर्थिक ताकत और उत्पादकता बढ़ रही है।

आर्थिक सर्वेक्षण के अनुसार, 2014-15 से 2024-25 तक कृषि क्षेत्र के कर्ज में 12.98 प्रतिशत की सालाना बढ़ोतरी हुई है। इसी सर्वेक्षण के मुताबिक, साल 2014-15 में जहां किसानों को 8.45 लाख करोड़ रुपये का कर्ज दिया गया था, वहीं 2023-24 में यह रकम बढ़कर 25.48 लाख करोड़ रुपये हो गई। इसके अनुसार, छोटे और सीमांत किसानों को मिलने वाले कर्ज में तेजी से बढ़ोतरी हुई है। साल 2014-15 में छोटे किसानों को जहां 3.46 लाख करोड़ रुपये मिले थे, वह 2023-24 में बढ़कर 14.39 लाख करोड़ रुपये हो गया। सरकार का मानना है कि छोटे किसानों को बैंकों से ज्यादा कर्ज मिल रहा है और इससे वे अपनी खेती तो सुधार रहे ही हैं, अपनी आर्थिक स्थिति भी बेहतर कर रहे हैं। बहरहाल कृषि पर निगाह रखने वाले स्वतंत्र विचारक भी मानते हैं कि किसानों के लिए अल्पकालिक की तुलना में दीर्घकालिक ऋण अधिक प्रभावी है। इसीलिए जानकार मानते हैं कि मौजूदा जलवायु परिवर्तन से आसन्न संकट के दौर में किसानों को मौसम के साथ अनुकूलन और उस लिहाज से अपनी खेती को ढालने के लिए ऐसी कृषि केंद्रित वित्त योजनाओं की जरूरत ज्यादा है। हालांकि इसका एक दूसरा पहलू भी है। कुछ लोगों का मानना है कि किसान कर्ज के बोझ से दबा हुआ है। बजट पर चर्चा के दौरान संसद में राजस्थान के सांसद हनुमान बेनीवाल का यह कहना कि बकाया कृषि कर्ज की रकम अब 32 लाख करोड़ रुपये से अधिक हो गई है। यह रकम 18.74 करोड़ से अधिक किसानों पर बोझ बन गई है। इसलिए सरकार को इस ओर भी ध्यान देना चाहिए।

# कितनी उचित है गंगाजल पर बयान बाजी

**रमेश सर्राफ धमोरा**

उत्तर प्रदेश के प्रयागराज शहर में महाकुंभ का आयोजन हो रहा है। विद्वानो का कहना है कि 144 वर्षों के बाद इस बार का महाकुंभ विशेष योग में संपन्न हो रहा है। ऐसे में यहां स्नान करने का सर्वाधिक महत्व है। मकर संक्रांति से प्रारंभ होकर महाशिवरात्रि तक चलने वाला महाकुंभ अब अपने समापन की ओर बढ़ रहा है। सरकार द्वारा जारी आंकड़ों के अनुसार अब तक 60 करोड़ से अधिक श्रद्धालुओं ने प्रयागराज के महाकुंभ में स्नान कर लिया है। समापन तक यह संख्या करीबन 65 करोड़ पहुंचने का अनुमान लगाया जा रहा है।

इस बार महाकुंभ में जितने लोगों ने स्नान किया है वह दुनिया के एक-दो देशों को छोड़कर अधिकांश देशों की कुल जनसंख्या से भी अधिक होती है। भारत के ही नहीं अपितु विदेशों से भी बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने महाकुंभ में स्नान कर पूजा अर्चना की है। राष्ट्रपति, उपराष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, केंद्रीय मंत्री, राज्यों के मुख्यमंत्री, राज्यपाल, सांसद, विधायक सहित देश के आम लोगों के मन में कुंभ स्नान के प्रति जो श्रद्धा देखी जा रही है। वैसी श्रद्धा इससे पहले शायद ही देखी गई होगी।

हालांकि मौनी अमावस्या के अवसर पर महाकुंभ के संगम तट पर भगदड़ मचने से करीबन 37 लोगों की भीड़ में दबकर मौत हो गई थी। इसी तरह कुंभ आने के लिए नई दिल्ली स्टेशन पर एकत्रित भीड़ में भगदड़ मचने से 18 लोगों की मौत हो गई थी। यह दोनों ही घटना बहुत ही दुर्भाग्यपूर्ण थी जिसमें प्रशासनिक लापरवाही का भी बहुत बड़ा हाथ माना जा रहा है। हालांकि दोनों ही घटनाओं की उच्च स्तरीय जांच हो रही है। जिसकी रिपोर्ट आने के बाद ही असली दोषियों का पता चल सकेगा।

शांतिपूर्वक संपन्न हो रहे कुंभ में ऐसी दो दुर्घटनाएं होने के बाद भी कुंभ स्नान करने वालों की संख्या में कमी नहीं हुई बल्कि दिन प्रतिदिन यह संख्या बढ़ती ही जा रही है। वर्तमान में हर दिन सवा करोड़ से अधिक लोग महाकुंभ में गंगा स्नान कर रहे हैं। आने वाली महाशिवरात्रि पर यह संख्या कई गुना अधिक होने की संभावनाएं व्यक्त की जा रही है। जिसको लेकर बड़े स्तर पर प्रशासनिक तैयारियां की जा रही है। ताकि महाकुंभ में किसी तरह की दुर्घटना की पुनरावृत्ति नहीं हो। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ स्वयं प्रयागराज आकर महाशिवरात्रि के पवित्र स्नान की तैयारी का जायजा ले चुके हैं। उन्होंने प्रशासनिक अधिकारियों को पूरी चैकसी बरतने के निर्देश दिए हैं।

जहां एक तरफ महाकुंभ में करोड़ों लोग स्नान कर रहे हैं इस बीच केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) की एक रिपोर्ट में कहा गया है कि प्रयागराज में गंगा-यमुना का पानी नहाने के योग्य नहीं है। सीपीसीबी ने इस रिपोर्ट को तीन फरवरी को तैयार किया था। रिपोर्ट को तैयार करने के लिए सीपीसीबी ने नौ से 21 जनवरी के बीच प्रयागराज में अलग-अलग जगह पर गंगा-यमुना के 73 सैंपल जमा किए। इन सैंपलों की छह मानकों पानी का पीएच वैल्यू, फीकल कोलीफॉर्म, बायोकेमिकल ऑक्सीजन डिमांड, केमिकल ऑक्सीजन डिमांड और डिजॉल्वड ऑक्सीजन पर जांच की गयी। जितने भी जगहों से सैंपल लिए गए हैं उनमें ज्यादातर में फीकल कोलीफॉर्म बैक्टीरिया की मात्रा मानक से अधिक पाई गई है। बाकी के पांच मानकों पर पानी की गुणवत्ता मानक के मुताबिक मिली। सीपीसीबी की वेबसाइट पर दिए आंकड़ों के मुताबिक 29 जनवरी को संगम पर गंगा



में फीकल कोलीफॉर्म की मात्रा 2300 पाई गई थी। 29 जनवरी को ही मौनी अमावस्या का पर्व था। इसे महाकुंभ में सबसे बड़ा अमृत स्नान माना गया है। उस दिन गंगा-यमुना में कई करोड़ लोगों ने डबकी लगाई थी।

महाकुंभ में गंगा के जल की शुद्धता को लेकर लगातार सवालो के बीच देश के जाने-माने वैज्ञानिक पद्मश्री डॉ. अजय सोनकर ने गंगा के जल को सिर्फ स्नान योग्य ही नहीं बल्कि अल्कलाइन वाटर जितना शुद्ध बताया है। संगम, अरैल समेत पांच घाटों के गंगाजल की लैब में जांच के बाद उन्होंने यह दावा किया है। उनका कहना है कि महाकुंभ में 60 करोड़ से अधिक श्रद्धालु के गंगा में स्नान के बाद भी इसकी शुद्धता पर कोई असर नहीं पड़ा है। मिसाइल मैन एपीजे अब्दुल कलाम के साथ वैज्ञानिक विमर्श करने वाले डॉ. अजय कुमार सोनकर ने कहा कि उन्होंने अपनी नैनी स्थित प्रयोगशाला में गंगा के जल की जांच की। गंगाजल की शुद्धता पर सवाल उठाने वालों को प्रयोगाशाला में जांच की चुनौती भी दी। कहा है कि जिसे जरा भी संदेह हो वह मेरे सामने गंगा जल ले और हमारी प्रयोगशाला में जांच कर संतुष्ट हो जाए।

शीर्ष भारतीय वैज्ञानिक डॉ. सोनकर ने कहा है कि गंगाजल सबसे शुद्ध है। यहां नहाने से किसी प्रकार का कोई नुकसान नहीं हो सकता है। बैक्टीरियोफेज (बैक्टीरिया खाने वाला) के कारण गंगा जल की शुद्धता बरकरार है। प्रयोगशाला में जल के नमूनों को 14 घंटों तक इंक्यूबेशन तापमान पर रखने के बाद भी उनमें किसी भी प्रकार की हानिकारक बैक्टीरिया की वृद्धि नहीं हुई। डॉ. अजय सोनकर ने कहा कि गंगा का जल न केवल स्नान के लिए सुरक्षित है। बल्कि इसके संपर्क में आने से त्वचा संबंधी रोग भी नहीं होते हैं।

डॉ. अजय कुमार सोनकर ने बताया कि पांच घाटों से गंगा जल के नमूने लिए और लैब में सूक्ष्म परीक्षण किया। इस दौरान पाया गया कि करोड़ों श्रद्धालुओं के स्नान के बावजूद जल में न तो बैक्टीरियल ग्रोथ हुई न ही जल के पीएच स्तर में कोई गिरावट आई। इस शोध में पाया कि गंगा जल में 1100 प्रकार के बैक्टीरियोफेज मौजूद हैं। जो किसी भी हानिकारक बैक्टीरिया को नष्ट कर देते हैं। इस वजह से जल दूषित नहीं हुआ। उन्होंने कहा कि गंगा जल की अम्लीयता (पीएच) सामान्य से बेहतर है और उसमें किसी भी प्रकार की दुर्गंध या जीवाणु वृद्धि नहीं पाई गई। गंगाजल के सैंपल का पीएच स्तर भी 8.4 से लेकर 8.6 तक पाया गया। जो काफी बेहतर माना गया है।

सेंट्रल पॉल्यूशन कंट्रोल बोर्ड ने 3 फरवरी को नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल में एक रिपोर्ट देकर बताया कि प्रयागराज संगम का पानी नहाने के लिए उपयुक्त नहीं है। इसके बाद यूपी पॉल्यूशन कंट्रोल बोर्ड ने 18 फरवरी को नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल में एक नई रिपोर्ट देकर सेंट्रल पॉल्यूशन कंट्रोल बोर्ड की रिपोर्ट को झुठला दिया है। इस रिपोर्ट में बताया है कि नाले का पानी प्रयागराज की गंगा-यमुना नदी में सीधे तौर पर नहीं गिर रहा। कुल छह पॉइंट पर पानी नहाने लायक है।

# गर्भवती को ट्रक ने कुचला, जच्चा-बच्चा समेत 4 की मौत

## केशकाल में देवरानी-जेठानी की गई जान, बालोद में ई-रिक्शा चालक ने तोड़ा दम





**मीडिया ऑडीटर, कोंडागांव (एजेंसी)।** छत्तीसगढ़ में 2 अलग-अलग सड़क हादसे में 4 लोगों की मौत हो गई। कोंडागांव के केशकाल घाट में एक ट्रक ने बाइक को पीछे से टक्कर मार दी। हादसे में गर्भवती महिला समेत 3 की जान गई है।मामला केशकाल थाना क्षेत्र का है। वहीं बालोद में तेज रफ्तार हाइवा ने ई-रिक्शा को टक्कर मार दी, जिससे ई-रिक्शा चालक की मौके पर ही मौत हो गई। यह हादसा अर्जुन्दा थाना क्षेत्र में हुआ। इन दोनों हादसों में मृतकों में मां-बच्चा, 7 महीने की गर्भवती महिला की जेठानी और एक पुरुष शामिल हैं।

**पहला हादसा- कोंडागांव में 2 महिलाओं की मौतः** दरअसल, हिचका निवासी सगरु राम सलाम बाइक से अपनी गर्भवती पत्नी और भाभी को लेकर कांकेर अस्पताल गया हुआ था। सोमवार शाम वापसी के दौरान ट्रक ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में पत्नी धनेश्वरी सलाम (23) गर्भवती थी, जहां जच्चा बच्चा दोनों की मौत हो गई।

जेठानी रजनती सलाम (32) ने भी दम तोड़ दिया। बताया जा रहा गर्भवती महिला के सोनोग्राफी के लिए वे लोग अस्पताल गए थे। वहीं सगरु राम सलाम को चोट नहीं आई है। वह सुरक्षित है।

**मामले की जांच में जुटी पुलिसः** केशकाल थाना प्रभारी ज्ञानेंद्र सिंह चौहान के मुताबिक, घटना की जानकारी मिलते ही मौके पर पहुंच कर दोनों महिलाओं को अस्पताल ले जाया गया था। जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। दोनों मृतकों के शवों को पोस्टमॉर्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया गया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

मिली जानकारी के मुताबिक अशोक कुमार चंद्राकर ग्राम कचांदुर का रहने वाला था। अशोक कुमार चंद्राकर और सुरेश कुमार दोनों सामाजिक कार्यक्रम से घर लौट रहे थे, तभी हादसे का शिकार हो गए। पुलिस ने हाइवा चालक के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है।

## कार-बाइक की टक्कर, 1 की मौत

### हादसे के बाद बाइक में लगी आग, चालक ने तोड़ा दम, आरोपी से पूछताछ कर रही पुलिस



**मीडिया ऑडीटर, कांकेर (एजेंसी)।** कांकेर में मंगलवार को सड़क हादसे में एक युवक की मौत हो गई। दुर्ग से रायपुर होकर कांकेर जा रही कार ने मोटरसाइकिल को टक्कर मार दी। हादसे में निलेगोंदी आमाबेड़ा निवासी प्रीत राम कोर्राम (44) की मौके पर ही मौत हो गई।

मामला कोतवाली थाना क्षेत्र का है। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि मोटरसाइकिल में आग लग गई। कार में सवार चालक नैनी खान और उनके परिवार के सदस्य सुरक्षित हैं। मौके पर पहुंची पुलिस ने कार चालक और परिवार से पूछताछ की है।

**जांच में जुटी पुलिसः** कोतवाली पुलिस ने बताया कि मृतक का शव अस्पताल में रखा गया है। परिजनों की मौजूदगी में शव का पंचनामा बनाया जाएगा। पोस्टमार्टम के बाद परिजनों की शिकायत के आधार पर कार्रवाई की जाएगी और चार्जशीट कोर्ट में पेश की जाएगी। मामले में जांच जारी है।

**चौक पर सिग्नल लगाने की मांगः** कोडेजूंगा चौक पर लगातार हो रहे हादसों को देखते हुए स्थानीय लोगों ने ट्रैफिक पुलिस की तैनाती और सिग्नल लगाने की मांग की हैं। लेकिन अभी तक इस ओर ध्यान नहीं दिया गया है। इसके चलते यहां हादसों की संख्या बढ़ती जा रही है।

## यूपी से कार में नशीली दवाओं की तस्करी

### एनएच पर पुलिस ने की घेराबंदी, रायपुर जाते पकड़ाया तस्कर, बड़ी मात्रा में कप सिरप बरामद

**मीडिया ऑडीटर, बिलासपुर (एजेंसी)।** बिलासपुर में पुलिस ने नेशनल हाईवे पर घेराबंदी कर नशीली दवाइयों की तस्करी करने वाले तस्कर को पकड़ा है। उसके पास से बड़ी मात्रा में कप सिरप बरामद किया गया है। आरोपी युवक उत्तरप्रदेश के मिर्जापुर से कार में सिरप लेकर रायपुर जा रहा था। पुलिस ने उसके खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्रवाई की है। पूरा मामला सकरी थाना क्षेत्र का है।

पुलिस को सोमवार को मुखबीर से जानकारी मिली कि एक व्यक्ति इलाहाबाद से रायपुर की ओर सकरी बायपास होते हुए कार से जा रहा है। उसकी कार में नशीली कप सिरप है। जानकारी मिलते ही एसपी रजनेश सिंह के निर्देश पर सीएसपी निमितेश सिंह, थाना प्रभारी रविंद्र अनंत की टीम ने सकरी के पास नेशनल हाईवे में घेराबंदी की।

**कार की तलाशी लेने पर मिला कप सिरपः** इस दौरान पुलिस की टीम ने शाम को रतनपुर की तरफ से आ रही कार क्रमांक एमएच 12 केएन 4428 को रोक लिया। पूछताछ करने पर ड्राइवर ने रायपुर के कबीर नगर निवासी मिथिलेश तिवारी (46) नाम बताया। गाड़ी की तलाशी लेने पर उसमें 120 नग वनरेक्स नामक कफ सिरप मिली। सख्ती से पूछताछ करने पर उसने सिरप रायपुर लेकर जाने की बात कही।

# खड़ी बस को बस ने मारी टक्कर

## दो बसों के बीच फंसी महिला, 9 लोग घायल, अस्पताल में भर्ती, ड्राइवर फरार



**मीडिया ऑडीटर, रायपुर (एजेंसी)।** रायपुर में तेज रफ्तार बस ने खड़ी बस को पीछे से जोरदार टक्कर मार दी है। हादसे में एक महिला दोनों बसों के बीच में फंसकर बुरी तरह से घायल हो गई। दोनों बसों में सवार 8 से 9 यात्री घायल हुए हैं। जिन्हें एम्स अस्पताल में भर्ती कराया गया है। एक बस ड्राइवर घटना के बाद फरार हो गया है। मामला आमानाका थाना क्षेत्र का है।

आमानाका थाना प्रभारी सुनील दास के मुताबिक, यह घटना करीब साढ़े 11 बजे की है। एक सवारी बस टाटीबंध ओवर ब्रिज के नीचे साइड रोड में नो पार्किंग जगह में खड़ी थी। इस दौरान पीछे से दूसरी सवारी बस तेज रफ्तार बस भिलाई की तरफ जा रही थी। तभी बस में नियंत्रित होकर रोड में खड़ी बस को पीछे से टक्कर मार दी।

**एक महिला की गर्दन के पास गंभीर चोटः** बताया जा रहा है कि, हादसे में एक महिला दोनों बसों के बीच में आ गई। जिससे वो गंभीर रूप से घायल हो गई। महिला के गर्दन और सिर के पास चोटें आई हैं। इसके अलावा दोनों बस में सवार घायल यात्रियों को एम्स अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जहां इनका इलाज जारी है।

इस मामले में पुलिस का कहना है कि दोनों बस चालकों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की जा रही है। दूसरे बस चालक पर भी गलत जगह बस खड़ी करने का आरोप है।

## बिलासपुर स्टेशन का जीएम ने किया निरीक्षण

### पुनर्विकास के लिए 392 करोड़ रुपए की परियोजना, यात्री सुविधाओं का विशेष ध्यान रखने के निर्देश



**मीडिया ऑडीटर, बिलासपुर (एजेंसी)।** दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे बिलासपुर जोन में अमृत भारत योजना के तहत बड़ा बदलाव हो रहा है। स्टेशन के पुनर्विकास के लिए 392 करोड़ रुपए की परियोजना चल रही है।

जोन के महाप्रबंधक तरूण प्रकाश ने सोमवार को स्टेशन का निरीक्षण किया। उन्होंने स्टेशन परिसर, निर्माणाधीन पार्किंग और गेट नंबर 1 व 4 का जायजा लिया। अधिकारियों को निर्देश दिए कि निर्माण कार्य के दौरान यात्री सुविधाओं का विशेष ध्यान रखा जाए।

**स्टेशन का लिया जायजाः** महाप्रबंधक ने प्लेटफॉर्म नंबर 1 पर स्थित स्टेशन के 3डी मॉडल का भी अवलोकन किया। उन्होंने द्वितीय श्रेणी प्रतीक्षालय की स्वच्छता और सुविधाओं की गुणवत्ता पर जोर दिया। पुनर्विकास कार्य के दौरान रिजर्वेशन काउंटर को बंगला यार्ड के पास स्थानांतरित किया जा रहा है। महाप्रबंधक ने इस व्यवस्था का निरीक्षण कर यात्री सुविधाओं के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। स्टेशन की सेकंड एंट्री का भी जायजा लिया गया।

**स्टेशन को सुविधाजनक बनाने पर जोरः** अधिकारियों को निर्देश दिए गए कि कार्यों की गुणवत्ता, सुरक्षा मानकों और समयबद्धता का विशेष ध्यान रखें। स्टेशन को आधुनिक और सुविधाजनक बनाने पर जोर दिया गया।

निरीक्षण के दौरान प्रधान मुख्य वाणिज्य प्रबंधक प्रवीण पाण्डेय, मंडल रेल प्रबंधक बिलासपुर और अन्य वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे।

## 5 साल की बच्ची की अर्धनग्न लाश, रेप-मर्डर की आशंका

### अंडर-कंस्ट्रक्शन बिल्डिंग में खून से सनी मिली, चॉकलेट लेने गई थी मासूम



**मीडिया ऑडीटर, बिलासपुर (एजेंसी)।** छत्तीसगढ़ के बिलासपुर में 5 साल की बच्ची की लाश अर्धनग्न हालत में खून से सनी मिली है। रेप के बाद हत्या की आशंका जताई जा रही है। बताया जा रहा है कि बच्ची कल शाम चॉकलेट लेने गई थी, लेकिन दोबारा लौटी नहीं। वारदात सरकंडा थाना क्षेत्र की है।

मिली जानकारी के मुताबिक गीतांजली सिटी कॉलोनी से लगे स्वर्णिम एरा कॉलोनी है। इसी कॉलोनी में बिल्डिंग निर्माण का काम चल रहा है। बिल्डिंग में कोनी क्षेत्र के मजदूर काम करते हैं। परिवार सहित रहते भी हैं। इन्हीं मजदूरों में से एक मजदूर की बेटी की हत्या हुई है।

**छत पर मजदूर ने देखी लाशः** दरअसल, मंगलवार की सुबह एक मजदूर छत पर गया था। इस दौरान उसने देखा कि एक बच्ची मरी हालत में पड़ी है। खून से सनी भी है। वह घबरा गया। तत्काल छत से नीचे उतरा और आसपास मौजूद साथियों को जानकारी दी। इसके बाद लोगों ने पुलिस को सूचना दी।

जानकारी मिलते ही एसपी रजनेश सिंह सहित पुलिस की टीम मौके पर पहुंची। लाश को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा है। साथ ही फोरेंसिक एक्सपर्ट को भी बुलाया गया है। टीम मौके से सबूत जुटा रही है। डॉग स्क्वॉयड भी मौके पर है।

**बच्ची चॉकलेट लेने गई थी, लेकिन लौटी नहींः** मृत बच्ची की मां ने बताया कि सोमवार शाम 6 बजे के करीब बच्ची चॉकलेट लेने गई थी, लेकिन वह दोबारा लौटी नहीं। बच्ची की हर जगह तलाश की गई, लेकिन नहीं मिली। आज सुबह मृत हालत में मिली है।बच्ची के परिवार ने किसी से दुश्मनी से भी इनकार किया है।

बताया जा रहा है कि बच्ची के सिर और शरीर पर चोट के निशान हैं। आरोपी ने बच्ची से बेरहमी से क्रूरता की है। एसपी रजनेश सिंह ने बताया कि घटना की हर एंगल से जांच की जा रही है। जल्द ही आरोपी पुलिस की गिरफ्त में होंगे।

## दिनदहाड़े 2 वारदात, युवक को चाकू से गोदा

### खमतराई में चाकूबाजी सीसीटीवी में कैद, गुढ़ियारी में महिला को बंधक बनाकर 8 लाख की लूट





**मीडिया ऑडीटर, रायपुर (एजेंसी)।** राजधानी रायपुर में 24 घंटे के अंदर क्राइम की 2 बड़ी घटनाएं हुईं। मंगलवार को खमतराई थाना इलाके में दिनदहाड़े एक युवक पर बदमाश ने चाकू से हमला कर दिया। वहीं दूसरी तरफ गुढ़ियारी में एक घर में महिला को बंधक बनाकर लूट की वारदात को अंजाम दिया गया।

चाकूबाजी का लाइव वीडियो भी सामने आया है। वीडियो भनपुरी स्थित रामेश्वर नगर का है। जहां मंगलवार सुबह साढ़े 9 बजे के करीब संजय चंद्राकर नाम का युवक अपने घर की तरफ आ रहा था। इस दौरान पुरानी रंजिश को लेकर बदमाश अरविंद वर्मा ने उसे बीच रास्ते में रोक लिया।

**चीख-पुकार सुनकर महिलाएं घर से बाहर निकलीः** सीसीटीवी वीडियो में साफ दिख रहा है कि हमले के दौरान हो-हल्ला सुनकर एक घर की महिलाएं दौड़कर बाहर आती हैं। उन्होंने बीच-बचाव कर बदमाश को रोका। जिससे पीड़ित की जान बच पाई। इस दौरान आरोपी लगातार उस पर चाकू से हमले करने की कोशिश करता रहा।

बताया जा रहा है कि आरोपी अरविंद वर्मा उर्फ लल्ला भनपुरी इलाके का हिस्ट्रीशीटर है। फिलहाल खमतराई पुलिस ने आरोपी को हिरासत में ले लिया है। पुलिस दोनों पक्षों से पूछताछ कर मामले में आगे की कार्रवाई कर रही है।

**दूसरा मामला- गुढ़ियारी में चाकू अड़ाकर बंधक बनायाः** सोमवार दोपहर ढाई-तीन बजे दिनदहाड़े लूट की वारदात को अंजाम दिया गया। 2 नकाबपोश बदमाश गुढ़ियारी इलाके के सुखराम नगर स्थित महिला टिकेश्वरी चौहान के घर में दरवाजे को धक्का देकर जबरन घुस गए। महिला घर पर अकेली थी।

बदमाशों ने चाकू दिखाकर महिला के हाथ-पैर बांध दिए। फिर अलमारी की चाबी मांग कर लॉकर से सोने-चांदी के जेवर और नकदी एक लाख रुपए कुल 8 लाख का माल लेकर फरार हो गए। इस मामले में गुढ़ियारी पुलिस में मामला दर्ज कर लिया है और आरोपियों की

## नशेड़ियों का उत्पात, गर्भवती समेत कई लोगों से मारपीट का आरोप

**मीडिया ऑडीटर, सूरजपुर (एजेंसी)।** सूरजपुर में नशे में धुत कुछ युवकों ने ग्रामीणों के साथ मारपीट की है। उन्होंने एक गर्भवती महिला समेत कई महिलाओं को लात घुसों से मारा है, जिसके बाद गर्भवती जिला अस्पताल के आईसीयू में भर्ती है। कुछ अन्य लोगों को हाथ, पैर और सिर में चोटें आई हैं।

मामला जयनगर थाना क्षेत्र का है। 21 फरवरी की रात रविंद्र नगर के सरकारी स्कूल में कुछ स्थानीय युवक जन्मदिन मना रहे थे। शराब के नशे में धुत होकर वे हंगामा और गाली-गलौज कर रहे थे। जब ग्रामीणों ने इसका विरोध किया, तो युवक भड़क गए और मारपीट की। पीड़ित ने एसपी से न्याय की गुहार लगाई है।

### नगर निगम आयुक्त प्रतिदिन कर रहे शहर का दौरा, शहर में चल रहे निर्माण कार्यों का ले रहे हैं जायजा



**मीडिया ऑडीटर, एमसीबी (निप्र)।** उपमुख्यमंत्री नगरीय प्रशासन मंत्री अरूण साव के निर्देशानुसार एवं नगर पालिक निगम के प्रथम नागरिक महापौर रामनरेश राय के मार्गदर्शन में प्रतिदिन चिरमिरी नगर पालिक निगम के आयुक्त रामप्रसाद आचला अपनी स्वच्छता टीम के साथ प्रातः शहर का भ्रमण कर क्षेत्र की आवश्यकताओं का जायजा ले रहे हैं।

इसी क्रम में स्वच्छ भारत मिशन स्वच्छता सर्वेक्षण ओडीएफ प्लस-प्लस वर्ष 2024 को विशेष ध्यान में रखते हुए नगर को स्वच्छ व सुंदर बनाने की दिशा में कोरिया कॉलरी एवं गेल्हापानी के एसएलआरएम सेंटर, पोड़ी के गाड़ाबुड़ा में जल संबंधित कार्य व संचालित गौठान का निरीक्षण किया गया।

निरीक्षण के दौरान शहर में चल रहे विभिन्न सामुदायिक भवनों के निर्माण कार्यों का जायजा लेकर गुणवत्ता के साथ समय-सीमा के भीतर कार्य को पूर्ण करने संबंधित अधिकारियों एवं ठेकेदार को आयुक्त द्वारा निर्देशित किया गया। वहीं एसएलआरएम सेंटर का अवलोकन कर उपस्थित कर्मचारियों एवं स्वच्छता दीदियों से सेंटर परिसर में आवश्यक सुविधाओं व डोर-टू-डोर कचरा कलेक्शन के संबंध में जानकारी प्राप्त कर स्वच्छता सर्वेक्षण में बेहतर कार्य करने के निर्देश दिए गए। इस दौरान सहायक अभियंता विजय बधावन, स्वच्छता अधिकारी उमेश तिवारी, जिला समन्वयक प्रवीण सिंह व संबंधित एरिया के सुपरवाइजर मौजूद रहे।

# जेल में 'कुंभ स्नान', हर जेल के लिए एक-एक मटका गंगाजल

## छत्तीसगढ़ के जेलों में 18,000 कैदियों ने किया गंगा स्नान, हर-हर गंगे के लगाए जयकारे





**मीडिया ऑडीटर, रायपुर (एजेंसी)।** महाकुंभ का कल यानी महाशिवरात्रि को आखिरी दिन है। इससे पहले छत्तीसगढ़ के 5 सेंट्रल जेल, 20 जिला जेल और 8 उप जेल में मंगलवार को कैदियों को महाकुंभ के गंगाजल से स्नान कराया गया। गंगा स्नान के दौरान कैदियों में उत्साह देखने को मिला। स्नान करने समय कैदी हर-हर गंगे और हर-हर महादेव के जयकारे लगाते रहे।

रायपुर में 3 हजार, रायगढ़ में 664, दुर्ग संभाग में 3100, धमतरी में 239, सूरजपुर में 347, मनेंद्रगढ़ में 182, कोरबा में 100 समेत प्रदेशभर के 18 हजार कैदियों ने गंगाजल से स्नान किया। हर जेल के लिए एक-एक मटका गंगाजल दिया गया। यह पहल महाकुंभ के ऐतिहासिक अवसर पर कैदियों को आध्यात्मिक लाभ देने के लिए किया गया।

**कैदियों ने गृहमंत्री से जाहिर की थी इच्छाः** दरअसल, उप मुख्यमंत्री और गृहमंत्री विजय शर्मा से जेलों के निरीक्षण के दौरान कैदियों ने महाकुंभ के गंगाजल से स्नान की इच्छा जाहिर की थी। कैदियों की इच्छा को देखते हुए गृहमंत्री ने प्रदेश के जेलों में बंद कैदियों के लिए गंगाजल मंगवाया। रविवार तक सभी जिलों में गंगाजल पहुंचा दिया गया।

**जेल में बनी टंकियों में मिलाया गया गंगाजलः** गंगा स्नान के लिए जेल के टंकियों की सफाई कर रंगाई-पुताई की गई। टंकियों में 'महाकुंभ स्नान कुंड' लिखा गया। टंकियों को फूलों से सजाया गया, फिर एक कलश गंगाजल डाला गया। पंडित ने विधि-विधान से कलश की पूजा की। उसके बाद उस टंकी की पानी से कैदियों ने स्नान किया। बालोद में कैदियों को कुंड में ही डुबकी लगवाई गई।

**कैदी बोले- यह पल दोबारा नहीं आएगाः** दुर्ग जेल में बंद कैदियों ने कहा कि, 144 साल बाद यह महाकुंभ आया है। उनके जीवन में यह पल दोबारा नहीं आएगा। वो जले के अंदर सजा काट रहे हैं। इस कारण वो प्रयागराज जाकर गंगा स्नान नहीं कर पाते।

**कैसे आया आइडियाः** इससे पहले वाराणसी, मुजफ्फरनगर, कासगंज, इटावा की जेलों में गंगा जल लाकर कैदियों को स्नान करवाया गया था। जेल में बकायदा बड़े से टैंक में यह जल डाला गया और कैदियों ने डुबकी लगाई। जिसके बाद छत्तीसगढ़ में भी ऐसा आयोजन किया गया।

**कल महाकुंभ का होगा समापनः** बता दें कि, 26 फरवरी को महाशिवरात्रि स्नान के साथ ही महाकुंभ का समापन हो जाएगा। महाकुंभ में अब तक करीब 55 करोड़ से अधिक श्रद्धालुओं ने स्नान किया। मौनी अमावस्या पर हुई भगदड़ के बाद प्रशासन की सख्ती की वजह से ज्यादातर श्रद्धालुओं ने यात्रा को टाल दिया था।

सबसे अधिक भीड़ वीकेंड और मुख्य स्नान पर्व के दिन उमड़ रही है। आम दिनों में रोजाना औसतन 1 करोड़ से ज्यादा श्रद्धालु महाकुंभ ने स्नान किया हैं। वहीं, महाशिवरात्रि स्नान के दौरान अंतिम दिन में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं स्नान करने पहुंचेंगे।

## जिले में छत्तीसगढ़ पंचायत चुनाव 2025 की आचार संहिता हुई समाप्त

**मीडिया ऑडीटर, एमसीबी (निप्र)।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डी. राहुल वेंकट के आदेशानुसार छत्तीसगढ़ में त्रिस्तरीय पंचायत आम निर्वाचन 2025 की प्रक्रिया पूरी हो गई है। निर्धारित निर्वाचन कार्यक्रम के अनुसार 25 फरवरी 2025 को मतगणना समाप्त होने के बाद चुनाव परिणाम घोषित कर दिए गए। इसके साथ ही राज्य में लागू आदर्श आचरण संहिता को प्रभाव शून्य घोषित कर दिया गया है। राज्य निर्वाचन आयोग के इस निर्णय के बाद अब शासन-प्रशासन द्वारा रुके हुए विकास कार्यों को गति मिलने की संभावना है। चुनावी प्रक्रिया के दौरान लागू आचार संहिता के कारण नई योजनाओं की घोषणा और सरकारी कार्यों पर प्रतिबंध था, लेकिन अब इन पाबंदियों के हटने से प्रशासनिक गतिविधियां पुनः सुचारू रूप से संचालित हो सकेंगी। राज्य निर्वाचन आयुक्त के आदेश के बाद पंचायतों में नव-निर्वाचित प्रतिनिधि अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन कर सकेंगे।

# पाकिस्तान के खिलाफ मैच में करोड़ों की घड़ी पहनकर मैदान पर उतरे हार्दिक पंड्या

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** बीता रविवार भारत के लिए बेहतरीन रहा। आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी 025 का पांचवां मैच भारत और पाकिस्तान के बीच दुबई में खेला गया। जिसे भारत ने 6 विकेट से हराकर बेहतरीन जीत दर्ज की। टॉस जीतकर पाकिस्तान ने पहले बल्लेबाजी का फैसला किया। इस मुकाबले में भारत के लिए पहला विकेट हार्दिक पंड्या ने चटकाया, उन्होंने बाबर आजम को आउट किया।

इसके बाद उन्होंने सऊद शकील के रूप में सेट बल्लेबाजी को चलता किया, जो 62 रन बना चुके थे। इस बीच फैंस की नजरें हार्दिक पंड्या की घड़ी पर गई, जिसे वह पहनकर मैदान पर उतरे। सोशल मीडिया उनकी ये घड़ी काफी वायरल हो रहा है। जिसकी कीतम 15 करोड़ रुपये बताई जा रही है। टीम इंडिया के स्टार ऑलराउंडर हार्दिक पंड्या लग्जरी लाइफ जीते हैं। उनका पास लग्जरी घर, करोड़ों की गाड़ियां हैं।

हार्दिक को घड़ियों का भी काफी शौक है। लेकिन क्या सच में हार्दिक पंड्या की उस घड़ी की कीमत 15 करोड़ हैं, जो वह पाकिस्तान के खिलाफ चैंपियंस ट्रॉफी के मुकाबले में पहनकर उतरे। बता दें कि, हार्दिक पंड्या पाकिस्तान के खिलाफ की राफेल नडाल स्केलेटन डायल एडिशन की घड़ी पहनकर मैदान में उतरे। वहीं इस घड़ी की कीमत की बात करें तो, इसकी कीमत करोड़ों में बताई जा रही है। इस कंपनी की घड़ियां काफी महंगी और लग्जरी होती है तो कहा जा सकता है कि इसकी कीमत करोड़ों में ही होगी।

# भारत से हारने के बाद भी सेमीफाइनल की रेस से बाहर नहीं हुआ पाकिस्तान

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** पाकिस्तान को चैंपियंस ट्रॉफी 2025 में लगातार दूसरी हार झेलनी पड़ी है। भारत ने पाक टीम को 6 विकेट से रौंद डाला। इसस पहले पाकिस्तान को न्यूजीलैंड के हाथों करारी शिकस्त झेलनी पड़ी थी। वहीं अब कहा जा रहा है कि, भारत से हार मिलने के बाद पाकिस्तान चैंपियंस ट्रॉफी से बाहर हो गया है? अगर अब भी पाकिस्तन के सेमीफाइनल में जाने की कोई संभावना बाकी रह गई है तो जानें पाकिस्तान के सेमीफाइनल में पहुंचने का पूरा समीकरण। पाकिस्तान को अगर सेमीफाइनल के लिए क्वालीफाई करना है तो उसे सबसे पहले ग्रुप स्टेज में बांग्लादेश को हराना होगा। नेट रन रेट को ध्यान में रखते हुए पाकिस्तान को बांग्लादेश पर बहुत बड़ी जीत दर्ज करनी होगी। इसके अलावा मोहम्मद रिजवान और उनके साथियों को ये भी कामना करनी होगी कि भारत और बांग्लादेश, दोनों को न्यूजीलैंड के खिलाफ मैच में जीत मिले। अगर कीवी टीम, अगले मैचों में भारत और बांग्लादेश से हार जारी है। दूसरी ओर पाकिस्तान, बांग्लादेश को हरा देता है तो तीन टीम अंकों के मामले में बराबरी पर आ जाएंगी। ऐसे में सेमीफाइनल का फैसला नेट रन-रेट के आधार पर होगा। अभी पाक टीम का नेट रन-रेट-1.087 का है, इसलिए उसे बांग्लादेश पर बहुत बड़ी जीत की जरूरत होगी। चैंपियंस ट्रॉफी 2025 के ग्रुप ए में भारत, पाकिस्तान, न्यूजीलैंड और बांग्लादेश मौजूद हैं।

# पाकिस्तान का सफर खत्म, कप्तान मोहम्मद रिजवान ने कबूला

**कोलबो (एजेंसी)।** पाकिस्तान की टीम के कप्तान मोहम्मद रिजवान ने चैंपियंस ट्रॉफी 2025 के लीग मैचों में न्यूजीलैंड और भारत से मिली हार को स्वीकार किया है। उन्होंने ये भी माना है कि ये दोनों टीमें अच्छा खेलीं और वे कप्तान के तौर पर इन चीजों को पसंद नहीं करते कि टीम दूसरों के भरोसे सेमीफाइनल में पहुंचे। पाकिस्तान की टीम के लिए सेमीफाइनल के रास्ते लगभग बंद हो गए हैं। क्योंकि न्यूजीलैंड को बाकी के दो मैचों में से एक में भी जीत मिल जाती है तो पाकिस्तान की टीम के लिए टूर्नामेंट खत्म हो जाएगा। उनका एक मैच बांग्लादेश से है, उसमें भी जीत मिलना कोई मायने नहीं रखता। रिजवान ने पोस्ट मैच प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि, देखिए फिलहाल तो हम यही कह सकते हैं कि सब खत्म हो गया। हमारे पास अब कुछ नहीं है। सच ये है, अब अगला मैच हम देखेंगे कि बांग्लादेश क्या करता है न्यूजीलैंड के साथ, न्यूजीलैंड और इंडिया आपस में क्या करते हैं। तो ये एक लंबा सफर है। हां ये है कि उम्मीद है कि अल्लाह ताला से और यकीन है कि हमारे पास तो अब कुछ है नहीं। चैंपियंस ट्रॉफी में अब हम दूसरी टीमों पर निर्भर हैं। मैं एक कप्तान के तौर पर ईमानदारी से बताऊं तो ये चीजें पसंद नहीं हैं।

# भारत के साथ मैच से पहले अपनी तैयारियों को परखने के लिए उतरेगी न्यूजीलैंड, हार से बंद होंगे बांग्लादेश के रास्ते

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** चैंपियंस ट्रॉफी के पहले मैच में पाकिस्तान को मात देने वाली न्यूजीलैंड की टीम का सामना ग्रुप ए के मुकाबले में आज सोमवार को बांग्लादेश के खिलाफ होगा। पिछले मैच में भारत ने बांग्लादेश को हराया था। न्यूजीलैंड अगर बांग्लादेश के खिलाफ जीत हासिल करने में सफल रही तो सेमीफाइनल के लिए कदम आगे बढ़ा लेगी, जबकि बांग्लादेश का सफर लगभग ग्रुप चरण में ही थम जाएगा। उसके बाद टीम का आखिरी मुकाबला पाकिस्तान के खिलाफ महज औपचारिकता ही होगा।

अपने पहले मैच में मेजबान पाकिस्तान को 60 रन से हराकर न्यूजीलैंड की टीम ने अपने अभियान का शानदार आगाज किया था। इस बड़ी जीत से उसका नेट रन रेट भी अच्छा हुआ है। बांग्लादेश के खिलाफ जीत से वह सेमीफाइनल में जगह बनाने के बेहद करीब पहुंच जाएगा। दूसरी तरफ बांग्लादेश को अपने पहले मैच में भारत के हाथों छह विकेट से करारी हार का सामना करना पड़ा था। उसका नेट रन रेट भी खराब है और उसे सेमीफाइनल में पहुंचने की दौड़ में बने रहने के लिए न्यूजीलैंड के




खिलाफ हर हाल में जीत दर्ज करनी होगी। बांग्लादेश की भारत के खिलाफ पहले मैच में तीनों विभाग में उसकी कमजोरी खुलकर सामने आई थी। उसकी टीम को अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने के लिए जल्द से जल्द संगठित होना पड़ेगा। बांग्लादेश के शीर्ष क्रम के बल्लेबाजों पर अच्छा प्रदर्शन करने का दबाव होगा, क्योंकि पिछले मैच में उसकी बल्लेबाजी का संघर्ष स्पष्ट नजर आ रहा था। अगर जाकर अली और तौहीद हृदोय के बीच छठे विकेट के लिए 154 रन की साझेदारी नहीं होती, तो बांग्लादेश को 100 रन तक पहुंचने के लिए भी संघर्ष करना पड़ता। बांग्लादेश के गेंदबाजों को अपने प्रदर्शन में निरंतरता बनाए रखने की जरूरत है जबकि फील्डिंग में भी उसे काफी सुधार करना पड़ेगा।।

**मौसम का पूर्वानुमान**

रावलपिंडी की वेदर रिपोर्ट मैच रावलपिंडी क्रिकेट स्टेडियम में दोपहर 2ः30 बजे (ढ्ढस्ञ्ज) से शुरू होगा। सोमवार के लिए मौसम पूर्वानुमान में बादल छाए रहने, तापमान 24-25 डिग्री सेल्सियस और ह्यूमिडिटी लगभग 46 प्रतिशत रहने का पूर्वानुमान है।

**हाई स्कोरिंग होगी पिच**

रावलपिंडी की पिच रिपोर्ट रावलपिंडी की पिच बल्लेबाजों के सपोर्टिव मानी जाती है। इस मैदान पर अक्सर हाई स्कोर बनते हैं। शाम को ओस की उम्मीद की जा सकती है, जिससे पहले गेंदबाजी करना फायदेमंद होगा क्योंकि रोशनी में बल्लेबाजी के लिए परिस्थितियां बेहतर होंगी।

# पाकिस्तान में विदेशी टीमों और फैंस पर मंडराया खतरा

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** पाकिस्तान में खेली जा रही आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी 2025 के बीच एक बड़ी खबर सामने आई है। इस टूर्नामेंट पर आतंकी साया मंडरा रहा है। टूर्नामेंट के बीच में आई इस रिपोर्ट ने सनसनी मचा दी है क्योंकि अभी इस टूर्नामेंट के कई मुकाबले खेले जाने हैं। आतंकी हमले के साथ ही किडनैपिंग के भी प्लान बनाए जा रहे हैं ऐसा इस रिपोर्ट में दावा किया गया है। एक बड़े न्यूज चैनल के एक्सीक्यूटिव एडिटर ने सोशल मीडिया पोस्ट के जरिए इस बात की जानकारी दी है। उनका कहना है कि टूर्नामेंट पर मंडरा रहा खतरा पाकिस्तान के साथ भारत की खुफिया एजेंसियो को भी जानकारी मिलीहै।



उन्होंने अपनी पोस्ट में लिखा कि, खुफिया एजेंसियों को पाकिस्तान में चैंपियंस ट्रॉफी 2025 परसमूह द्वारा आतंकी हमले की संभावित कोशिश के बारे में जानकारी मिली है। भारतीय एजेंसियों को भी उनके विदेशी समकक्षों द्वारा इसबारे में बताया गया है। संभावित अपहरण या आतंकी हमले के बारे में चर्चा की जानकारी मिली है। इस्लामिक स्टेट खुरासान प्रांत दक्षिण मध्य एशिया, मुख्य रूप से अफगानिस्तान और पाकिस्तान में सक्रिया सलाफी जिहादी समूह इस्लामिक स्टेट की एक शाखा है। भले ही अब तक इसको लेकर कोई पुष्ट जानकारी सामने नहीं आई है, लेकिन ऐसे संभावित खतरे को हल्के में नहीं लिया जाना चाहिए।

भारत ने सुरक्षा कारणों का हवाला देकर ही पाकिस्तान जाने से मना किया था। इसको लेकर पाकिस्तानी मीडिया में काफी हल्ला भी मचा था और उन्होंने भारत की आलोचना की थी।

हालांकि, भारत अपने मुकाबले दुबई में ही खेल रहा है, लेकिन अन्य सभी टीमें पाकिस्तान गई हैं। होस्ट पाकिस्तान पहले दो मैच लगातार हारने के बाद अब चैंपियंस ट्रॉफी से बाह होने की कगार पर है। बांग्लादेश और न्यूजीलैंड के बीच मुकाबला खेला जा रहा है।

# अबरार अहमद का सेलिब्रेशन करना इस पाकिस्तानी दिग्गज को नहीं भाया, सुनाई खरी-खोटी



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** चैंपियंस ट्रॉफी 2025 में भारत के खिलाफ पाकिस्तान को करारी हार मिली। लेकिन उनके लेगस्पिनर अबरार अहमद ने काफी अच्छी बोलिंग की। अबरार ने अपने 10 ओवर में केवल 28 रन खर्च किए और एक विकेट चटकाया। उन्होंने जिस गेंद पर शुभमन गिल को क्लीन बोल्ड किया था उसकी खूब तारीफ हो रही है। उनकी ये गेंद वाकई में कमाल की थी, लेकिन विकेट लेने के बाद उन्होंने जैसा सेलिब्रेशन किया उसको लेकर उनकी तगड़ी आलोचना भी हो रही है। अबरार को जहां तमाम भारतीय फैंस निशाने पर ले ही रहे थे वहीं अब पाकिस्तान के पूर्व दिग्गज तेज गेंदबाज वसीम अकरम ने भी उन पर निशाना साधा है।

वहीं मैच के बाद वसीम अकरम ने कहा कि अबरार कि उस गेंद से वह काफी प्रभावित हुए थे, लेकिन उनके सेलिब्रेशन ने सबकुछ खराब कर दिया। अकरम ने कहा कि, मैं उस गेंद से काफी प्रभावित हुआ, लेकिन सेलिब्रेशन से नहीं। टाइम और जगह होती है ना यार। अगर आप जीत रहे होते तो जश्न मनाते। जब आप जान रहे हैं कि आपकी टीम फंसी हुई है तो विकेट मिलने पर भी आपको विनम्र होना चाहिए, लेकिन ऐसा नहीं हो रहा है। उन्हें ऐसा बताने वाले कोई नहीं है। सेलिब्रेशन ने सबकुछ खत्म कर दिया। अगर आप सात रन देकर पांच विकेट लेते हैं तो मैं समझ सकता हूं। ये बिल्कुल अच्छी नहीं लग रहा था टीवी पर भी ये बिल्कुल अच्छा नहीं लगा।

गिल ने पाकिस्तान के खिलाफ काफी बेहतरीन बल्लेबाजी की और खास तौर से शाहीन शाह अफरीदी के खिलाफ जमकर शॉट लगाए। हालांकि, 46 के स्कोर पर अबरार ने उन्हें क्लीन बोल्ड किया। लेग स्टंप की लाइन में गिरने के बाद गेंद बहुत अधिक घूमी और डिफेंस करने की कोशिश कर रहे गिल का ऑफ स्टंप ले उड़ी। गिल भी इस गेंद से एकदम हतप्रभ रह गए थे।

# हार्दिक पंड्या को सपोर्ट करने पहुंची थी जैसमीन वालिया



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** रविवार को दुबई में भारत और पाकिस्तान के बीच चैंपियंस ट्रॉफी 2025 बेहद रोमांचक मैच खेला गया। इस मैच को देखने के लिए फैंस केसाथ कई बड़ी सितारे भी स्टेडियम में पहुंचे। इसमें ब्रिटिश सिंगर जैसमीन वालिया का ना भी शामिल है। जिन्होंने पिछले कुछ समय से हार्दिक पंड्या के कारण क्रिकेट जगत में सुर्खियां बटोर रखी हैं। दरअसल, पिचले साल इन दोनों ने कुछ तस्वीरें शेयर की थी, जिसमें लोकेशन सेम थी। इसी कारण से फैंस का मानना था कि हार्दिक पंड्या ने नताशा स्टेनकोविक को तलाक देने के बाद, जैसमीन का हाथ थाम लिया है दोनों साथ में वेकेशन पर हैं। हालांकि, इन खबरों में कोई ऐसा हिंट नहीं मिला, जिससे आधिकारिक रूप से डेटिंग कंफर्म हो जाए। इसी कारण से कुछ समय से इनके रिश्ते को लेकर चर्चा नहीं थी लेकिन अब एक बार फिर ये अफवाह तेज हो गई है। भारत और पाकिस्तान के बीच मैच के शुरुआती कुछ समय में ही कैमरामैन ने जैसमीन वालिया को स्टैंड्स में स्पॉट कर लिया और उनकी तस्वीर सोशल मीडिया पर वायरल हो गई। वहीं अब उनका एक खास वीडियो भी वायरल हो रहा है। जिसमें वह अपने कुछ दोस्तों के साथ बैठी हुई नजर आ रही हैं। इस बीच वह किसी को फ्लाइंग किस देती भी दिख रही हैं। इसके बाद, उनकी दोस्तों ने हाय कहा। हालांकि, ये स्पष्ट नहीं है कि जैसमीन फ्लाइंग किस किसे दे रही हैं लेकिन हार्दिक पंड्या के साथ नाम जुड़ने के कारण फैंस को यही लग रहा है कि ब्रिटिश सिंगर भारतीय ऑलराउंडर को ही फ्लाइंग किस दे रही थीं।

# उम्मीद है कि अब कोई नहीं पूछेगा कि क्या विराट फॉर्म में हैं-राजकुमार शर्मा

**दुबई (एजेंसी)।** चैंपियंस ट्रॉफी में पाकिस्तान के खिलाफ विराट कोहली की साहसिक पारी से बेहद खुश और राहत महसूस कर रहे उनके बचपन के कोच राजकुमार शर्मा ने कहा कि उन्हें उम्मीद है कि भारत के इस स्टार बल्लेबाज की फॉर्म पर अब सवाल उठने बंद हो जाएंगे। कोहली ने फॉर्म में वापसी करते हुए वनडे में अपना 51वां शतक जमाया, जिससे भारत ने चिर प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान पर छह विकेट से जीत हासिल करके चैंपियंस ट्रॉफी के सेमीफाइनल में अपनी जगह पक्की कर ली। शर्मा ने पीटीआई वीडियो से कहा, ''अब तो नहीं पूछोगे कि विराट फॉर्म में नहीं है।'' कोहली ने इससे पहले वनडे में अपना आखिरी शतक नवंबर 2023 में लगाया था। पिछले कुछ वर्षों से बड़ी पारी नहीं खेल पाने के कारण इस स्टार बल्लेबाज की काफी




आलोचना हो रही थी। शर्मा ने कहा कि कोहली कभी खराब फार्म में थे ही नहीं।

उन्होंने कहा, ''मैं हमेशा कहता रहा हूं कि वह बड़े मैचों का खिलाड़ी है और उसने आज यह फिर से साबित कर दिया। वह हमेशा मजबूत टीमों के खिलाफ अच्छा प्रदर्शन करता रहा है।'' शर्मा ने कहा, ''वह पिछले कई वर्षों से ऐसा कर रहा है। वह ऐसा खिलाड़ी है जिसने देश के लिए सबसे अधिक मैच जीते हैं।'' कोहली ने अपनी इस पारी के दौरान वनडे में 14000 रन भी पूरे किए। वह सचिन तेंदुलकर और कुमार संगकारा के बाद यह उपलब्धि हासिल करने वाले दुनिया के तीसरे बल्लेबाज हैं। शर्मा ने इसे बड़ी उपलब्धि करार दिया। उन्होंने कहा, ''वनडे में 51वां और अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में कुल मिलाकर 82वां शतक लगाने के अलावा उसने वनडे में 14000 रन भी पूरे किए। यह बड़ी उपलब्धि है। मुझे उसे पर गर्व है कि उसने पूरे देश का गौरव बढ़ाया। हम सब बहुत खुश हैं कि उसने देश को जश्न मनाने का मौका दिया।

# मैं अभी अच्छी लय में हूं, जितने अधिक मैच खेलूंगा उतनी अच्छी गेंदबाजी करूंगा- कुलदीप

**दुबई (एजेंसी)।** भारतीय स्पिनर कुलदीप यादव को लगता है कि चोट से वापसी करने के बाद उन्होंने अपनी लय हासिल कर ली है और उन्हें उम्मीद है कि मौजूदा चैंपियंस ट्रॉफी में वह हर मैच में बेहतर प्रदर्शन करेंगे। कुलदीप ने पाकिस्तान के खिलाफ डेथ ओवरों में तीन विकेट लिए और वह एक समय हैट्रिक लेने की स्थिति में भी थे। इस 30 वर्षीय खिलाड़ी ने पिछले साल स्पोर्ट्स हर्निया की सर्जरी कराई थी, जिसके कारण वह तीन महीने से अधिक समय तक खेल से दूर रहे थे।



कुलदीप ने यहां पत्रकारों से कहा, ''चोटों को ठीक होने में छह महीने लगते हैं। मैंने इंग्लैंड के खिलाफ दो मैच खेले। उनमें मेरी लय अच्छी थी। '' कुलदीप चैंपियंस ट्रॉफी में बांग्लादेश के खिलाफ पहले मैच में विकेट हासिल नहीं कर पाए थे। उन्होंने कहा, ''लेकिन स्वाभाविक है कि आप हमेशा विकेट हासिल करने की तलाश में रहते हैं। आज जब मैंने अपना पहला ओवर डाला, तो मुझे लगा कि मैं बेहतर लय में हूं। मैं आरामदायक स्थिति में हूं।'' कुलदीप ने कहा, ''मुझे लगता है कि मैं इससे भी बेहतर गेंदबाजी कर सकता हूं। मैंने चोट से वापसी करने के बाद अभी तक तीन-चार मैच खेले हैं। मैं जितने अधिक मैच खेलूंगा उतनी ही अच्छी गेंदबाजी करूंगा।''

कुलदीप ने पाकिस्तान के निचले क्रम के बल्लेबाजों सलमान आगा, शाहीन अफरीदी और नसीम शाह के विकेट लिए। अपनी रणनीति के बारे में कुलदीप ने कहा, ''अपने पहले स्पैल में मैंने काफी चाइनामैन की। अपनी गेंदबाजी में विविधता लाने के लिए मैं गुगली भी करता हूं। इसके अलावा मैंने टॉप स्पिन भी की।'' कुलदीप ने डेथ ओवरों में गेंदबाजी करने के बारे में कहा, ''मैं अंतिम 10 ओवरों में गेंदबाजी करने के लिए पहली पसंद का गेंदबाज बनने में सक्षम हूं। यहां तक कि कप्तान का भी मानना है कि अगर आपके पास विविधता है तो स्पिनर पर शॉट मारना मुश्किल होता है। सौभाग्य से यह मेरे लिए अच्छा था।

मनगवा थाने क्षेत्र में गंगेव के समीप हुआ हादसा

# कुंभ यात्रियों का वाहन अनियंत्रित होकर ट्रक में घुसा, चार की मौत, आधा दर्जन लोग घायल



**मीडिया ऑडीटर, रीवा (निप्र)।** रीवा-प्रयागराज हाईवे में हुए भीषण हादसे में सोमवार की रात तीन कुंभ यात्रियों की मौके पर मौत हो गई, जबकि एक की मौत उपचार के दौरान हो गई। वही गाड़ी में सवार कई श्रद्धालु गंभीर रूप से घायल हुए हैं जिनको पुलिस ने उपचार के लिए अस्पताल भिजवा दिया। महाराष्ट्र से फोरव्हीलर वाहन में सवार होकर कुंभ यात्री गंगा स्नान करने के लिए प्रयागराज गए थे। जहा से वे वापस लौट रहे थे. सोमवार की रात करीब साढ़े 8 बजे जैसे ही उनका वाहन मनगवा थाने के गंगेव के समीप पहुंचा तभी अचानक चालक नियंत्रण को बैठा। ओवर स्पीड दौड़ रही फोर व्हीलर गाड़ी अनियंत्रित होकर ट्रक से टकरा गई। टक्कर इतनी भीषण थी कि गाड़ी के परखच्चे उड़ गए। उसमें सवार तीन श्रद्धालुओं की मौत हो गई और करीब 10 लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना से अपना तफरी का माहौल निर्मित हो गया। गाड़ी के अंदर फंसे घायलों की चेक पुकार मच गई। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई। क्षतिग्रस्त गाड़ी के अंदर घायल बुरी तरह फंसे हुए थे जिनको निकालने के लिए पुलिस ने स्थानीय लोगों के साथ मिलकर काफी देर तक मशक्कत की। गाड़ी की कुछ हिस्सों को काटकर घायलों को बाहर निकल गया जिन्हें उपचार के लिए अस्पताल भिजवाया गया है। सभी लोग महाराष्ट्र से गंगा स्नान करने के लिए जा रहे थे लेकिन हाईवे में रफ्तार में उनके सफर को आधे में ही रोक दिया। इस घटना में घायल करीब आधा दर्जन लोगों को उपचार के लिए पुलिस सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लेकर आई है। घायलों की हालत नाजुक थी जिस पर प्राथमिक उपचार के बाद तत्काल उन्हें एंबुलेंस से संजय गांधी अस्पताल के लिए रेफर कर दिया गया। रात में उन्हें रीवा लाया गया है। अस्पताल में चिकित्सकों की देखरेख में घायलों के इलाज चल रहा है जिसमें चार की हालत नाजुक बताई जा रही है।

## रामनई में पैदल सड़क पार कर रहे युवक को ट्रक चालक ने कुचला, गई जान



**मीडिया ऑडीटर, रीवा (निप्र)।** जिले के रायपुर कर्चुलियान थाना क्षेत्र के रामनई में नेशनल हाईवे पर पैदल सड़क पार कर रहे युवक को अज्ञात ट्रक चालक ने तेज रफ्तार से वाहन चलाते हुए टक्कर मार दी और युवक को कुचलते हुए निकल गया, जिससे उसकी घटना स्थल पर ही मौत हो गई है। हादसा मंगलवार की सुबह हुआ। मृतक की पहचान नहीं हो पाई है, घटना की सूचना पर तत्काल पुलिस मौके पर पहुंची हैं और शव को पीएम के लिए अस्पताल भिजवाया। वहीं घटना को अंजाम देने वाले ट्रक चालक का भी पता लगाया जा रहा है।

घटना के संबंध में प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि मृतक युवक आज सुबह पैदल सड़क पार कर रहा था। इसी दौरान मनगवां से रीवा की ओर जा रहे तेज रफ्तार ट्रक के चालक ने उसे जोरदार टक्कर मार दी, जिससे युवक उछलकर ट्रक के पहियों के नीचे आ गया और ट्रक उसे कुचलता हुआ निकल गया। घटना इतनी दर्दनाक थी कि युवक का सिर छोड़कर उसके शरीर का अन्य हिस्सा पूरी तरह से क्षत-विक्षत हो गया।

रायपुर कर्चुलियान पुलिस घटना की सूचना मिलते ही तत्काल मौके पर पहुंची और स्थिति को नियंत्रित करते हुए युवक के शव को पीएम के लिए अस्पताल भिजवा दिया। ट्रक सहित चालक की तलाश की जा रही है। मृतक की पहचान अब तक नहीं हो पाई है।

## 12वीं की परीक्षा में 18 हजार से अधिक छात्र हुये शामिल



**मीडिया ऑडीटर, रीवा (निप्र)।** मध्य प्रदेश माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा आयोजित बोर्ड परीक्षा का आगाज हो गया। पहले दिन 12वीं की परीक्षा आयोजित की गई जिसमें अकेले रीवा जिले में 18000 से अधिक छात्र शामिल हुए। पहले ही दिन की इस परीक्षा को देकर बाहर निकले छात्रों ने प्रश्न पत्र को बेहद ही आसान बताया। छात्रों ने कहा कि जिसने भी मन लगाकर पढ़ाई की है उसके लिए पेपर बेहद ही आसान रहा।

रीवा में कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच बोर्ड परीक्षा आयोजित हुई। इस परीक्षा को लेकर कलेक्टर प्रतिभा पाल ने पूर्व से ही परीक्षाओं के सुचारू संचालन व कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए आदेश जारी किए थे, जिसमें परीक्षा केंद्र का 100 मीटर का दायरा प्रतिबंधात्मक क्षेत्र घोषित किया गया है। जहां परीक्षार्थी और परीक्षा से जुड़े अधिकारियों तथा कर्मचारियों के अलावा अन्य व्यक्तियों का प्रवेश पूरी तरह से प्रतिबंधित किया गया है।

## स्वैच्छिक संगठन शासन एवं समाज के बीच के सेतु है - जिला पंचायत अध्यक्ष



**मीडिया ऑडीटर, रीवा (निप्र)।** जिला पंचायत रीवा के सभागार में स्वैच्छिक संगठनों की एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला आयोजित की गई। जनअभियान परिषद द्वारा आयोजित इस कार्यशाला का शुभारंभ करते हुए जिला पंचायत अध्यक्ष नीता कोल ने कहा कि स्वैच्छिक संगठन शासन एवं समाज के बीच के सेतु है। ग्रामीण विकास की प्रक्रिया में स्वैच्छिक संगठन, ग्रामीण विकास से जुडे हुए कार्यक्रमों की निगरानी और मूल्यांकन में ग्राम पंचायतों और सरकारी अभिकरणों की मदद करने में एक निर्णायक भूमिका निभा सकते हैं। महिलाओं व बच्चों के लिए तथा ग्राम विकास के संदर्भ में सभी महिला-पुरुष संबंधी मुद्दे में जनजागरूकता के लिए बेहतर कार्य कर सकते है। गैर सरकारी संगठन विकास योजनाओं के नियोजक और कार्यान्वयन कर्ता के रूप में कार्य कर सकते हैं। वे विकास के लिए उपयोग किए जाने वाले स्थानीय संसाधनों को जुटाने में मदद करसकते हैं। एनजीओ एक आत्मनिर्भर और निरंतर समाज के निर्माण में भी मदद कर सकतेहैं । ये एजेंसियां लोगों और सरकार के बीच मध्यस्थ की भूमिका निभाती हैं।

कार्यशाला में विषय प्रवेश कराते हुए जन अभियान परिषद के संभागीय समन्वयक प्रवीण पाठक ने बताया कि रीवा जिलें में कार्यरत स्वैच्छिक संगठनों की एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला में संस्थाओं के आंतरिक प्रबंधन, सोशल आडिट, सीएसआर, आदर्श ग्रामकी अवधारणा एवं दस्तावेजीकरण के विषय में विषय विशेषज्ञों द्वारा प्रशिक्षित किया जाना है। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में रीवा व मउगंज जिलें के सभी विकासखंडों के प्रतिनिधियों की सहभागिता है। कार्यशाला में समापन सत्र में रीवा संभाग की उपायुक्त दिब्या त्रिपाठी, वरिष्ठ चिकित्सक डॉ.ज्योति सिंह एवं रेडक्रास सोसायटी रीवा के चेयरमैन डॉ. प्रभाकर चतुर्वेदी ने प्रतिभागियों को संबोंधित किया। समापन सत्र में उपायुक्त दिब्या त्रिपाठी ने सभी संस्था प्रमुखों से अपने आंतरिक प्रबंधन को दुरूस्त करते हुए, शासन द्वारा संचालित होने वाली जन हितैषी योजनाओं के क्रियान्वयन में सभी से सहयोग करने की आपेक्षा रखी।

## नहरों के अंतिम छोर तक सिंचाई के लिए पानी पहुंचायें



**मीडिया ऑडीटर, रीवा (निप्र)।** कलेक्टर प्रतिभा पाल ने बाणसागर सभागार में आयोजित बैठक में सिंचाई परियोजनाओं के लिए भू अर्जन प्रकरणों के निराकरण की समीक्षा की। कलेक्टर ने कहा कि बहुती सिंचाई परियोजना, नईगढ़ी माइक्रो सिंचाई परियोजना, त्योंथर फ्लो सिंचाई परियोजना सहित सभी सिंचाई परियोजनाओं के लिए भू अर्जन के प्रकरण निराकृत कराएं। पात्र किसानों को सात दिवस में भू अर्जन की राशि का भुगतान कराएं। जल संसाधन विभाग के अधिकारी और एसडीएम मिलकर भू अर्जन से संबंधित राशि का पूरा विवरण तैयार कर कलेक्टर कार्यालय में प्रस्तुत करें। सभी एसडीएम यह सुनिश्चित करें कि भू अर्जन के कारण निर्माण कार्य में किसी तरह की बाधा न आए। सिंचाई परियोजनाओं के लिए जिन जमीनों का अर्जन किया गया है उनमें 15 दिवस की अवधि में जल संसाधन विभाग का नाम खसरे में दर्ज कराएं। सभी कार्यपालन यंत्री आवश्यक आदेशों के साथ कर्मचारियों की तहसील कार्यालय में ड्यूटी लगाकर तय समय सीमा में अमल का कार्य पूरा कराएं। सभी एसडीएम भी इसे सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए 15 दिवस में भू अर्जन का अमल कराएं। नईगढ़ी माइक्रो सिंचाई परियोजना तथा त्योंथर फ्लो सिंचाई परियोजना में जिन स्थानों पर विवाद है वहाँ राजस्व अधिकारी मौके पर जाकर विवाद का निराकरण करें।


कलेक्टर ने नहरों में पानी की आपूर्ति बार-बार बंद किए जाने पर नाराजगी व्यक्त की। कलेक्टर ने कहा कि जब फसलों में सिंचाई का महत्वपूर्ण समय हो तब नहरों में पानी की आपूर्ति बंद न करें। किसी दुर्घटना के कारण यदि पानी बंद करना आवश्यक हो तो कलेक्टर और पुलिस अधीक्षक को वस्तुस्थिति से अवगत कराएं। पानी बंद करने की सूचना विभिन्न संचार माध्यमों से किसानों तक पहुंचाएं। जल संसाधन विभाग के कार्यपालन यंत्री एसडीओ सहित सभी मैदानी अधिकारी सिंचाई के समय क्षेत्र का लगातार भ्रमण करें।

## कलेक्टर ने 65 आवेदन पत्रों में की जनसुनवाई



**मीडिया ऑडीटर, रीवा (निप्र)।** आमजनता के आवेदन पत्रों के निराकरण के लिए कलेक्ट्रेट सभागार में जनसुनवाई का आयोजन किया गया। जनसुनवाई में कलेक्टर प्रतिभा पाल ने आमजनता के 65 आवेदन पत्रों में सुनवाई की। कलेक्टर ने कहा कि सभी कार्यालय प्रमुख जनसुनवाई में अनिवार्य रूप से उपस्थित रहकर आमजनों के आवेदनों का निराकरण करें। जनसुनवाई शासन की उच्च प्राथमिकता का कार्यक्रम है। इसके आवेदन पत्रों का संवेदनशीलता से निराकरण करें। आवेदन पत्र में की गई कार्यवाही का प्रतिवेदन हर सप्ताह प्रस्तुत करें। आवेदक को भी आवेदन पत्र में की गई कार्यवाही से अवगत कराएं। जन सुनवाई में रामलाल श्रीवास्तव निवासी ग्राम मझगवां ने जमीन के सीमांकन के लिए आवेदन दिया। कलेक्टर ने एसडीएम हुजूर को आवेदन पत्र में समुचित कार्यवाही के निर्देश दिए। जनसुनवाई में ज्ञानेन्द्र कुमार पाण्डेय निवासी निपनिया ने खसरे में सुधार के लिए आवेदन दिया। कलेक्टर ने तहसीलदार हुजूर को प्रकरण में कार्यवाही के निर्देश दिए। जनसुनवाई में उपचार सहायता, मजदूरी भुगतान, पेंशन प्रकरण, आर्थिक सहायता, जमीन से अवैध कब्जा हटाने सहित विभिन्न आवेदनों में सुनवाई की गई। जनसुनवाई में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी मेहताब सिंह गुर्जर तथा संयुक्त कलेक्टर पीके पाण्डेय ने भी आवेदनों में सुनवाई की। जनसुनवाई में सभी संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## उप मुख्यमंत्री आज आएंगे रीवा



**मीडिया ऑडीटर, रीवा (निप्र)।** उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल 25 फरवरी को रात 10 बजे भोपाल से रेवांचल एक्सप्रेस ट्रेन से प्रस्थान कर 26 फरवरी को सुबह 8 बजे रीवा पहुंचेंगे। उप मुख्यमंत्री सुबह 10 बजे निज निवास रीवा से प्रस्थान कर सुबह 11 बजे ग्राम ढेरा पहुंचकर शिव मंदिर में महाशिवरात्रि पूजन में शामिल होंगे। उप मुख्यमंत्री कार्यक्रम के समापन के बाद कार द्वारा प्रस्थान कर रीवा पहुंचकर रात्रि विश्राम करेंगे।

## कमिश्नर ने विभिन्न प्रकरणों में की जनसुनवाई



**मीडिया ऑडीटर, रीवा (निप्र)।** कमिश्नर कार्यालय सभागार में कमिश्नर बीएस जामोद ने आमजनता से प्राप्त विभिन्न आवेदन पत्रों में सुनवाई की। कमिश्नर ने कहा कि सभी अधिकारी जनसुनवाई में प्राप्त आवेदन पत्रों का तत्परता से निराकरण करें। जनता स्कूल जवा के सेवानिवृत्त शिक्षक की सीपीएफ की राशि भुगतान के आवेदन में सुनवाई करते हुए कमिश्नर ने संयुक्त संचालक शिक्षा को आवेदन के निराकरण के निर्देश दिए।

कमिश्नर ने सीधी जिले के कोतरकला में रेलवे परियोजना के लिए संतोष गुप्ता की जमीन के अधिग्रहण प्रकरण के संबंध में एसडीएम गोपद बनास को मोबाइल फोन के माध्यम से निराकरण के निर्देश दिए। जनसुनवाई में कमिश्नर ने आशा कुशवाहा के जमीन पर अवैध कब्जे एवं प्रद्युम्न शुक्ला के आवेदन के संबंध में अधिकारियों को निर्देश दिए। जन सुनवाई में संयुक्त आयुक्त दिव्या त्रिपाठी तथा सभी संभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

## किसानों, मजदूरों और आदिवासियों को न्याय दिलाने निकालेंगे अधिकार यात्रा



**मीडिया ऑडीटर, रीवा (निप्र)।** किसान संघर्ष समिति की संभागीय बैठक होटल राज पैलेस, रीवा में किसान संघर्ष समिति के कार्यकारी अध्यक्ष इंद्रजीत सिंह शंखू की अध्यक्षता में तथा राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ सुनीलम, राष्ट्रीय प्रवक्ता एड शिव सिंह, प्रदेश सचिव निसार आलम अंसारी, शत्रुघन यादव की विशेष उपस्थिति में संपन्न हुई। बैठक में एमएसपी की कानूनी गारंटी, संपूर्ण कर्जा मुक्ति का कानून बनाने, राष्ट्रीय कृषि बाजार नीति रद्द कराने, कृषि भूमि के अधिग्रहण पर रोक लगाने, धान खरीदी केन्द्रों में हुए डेढ़ करोड़ के घोटाले में शामिल भ्रष्टाचारियों को गिरफ्तार करने, किसानों की बकाया राशि का तत्काल भुगतान कराने, आवारा पशुओं पर रोक लगाने, जंगली जानवरों द्वारा हुए नुकसान का लागत से डेढ़ गुना मुआवजा देने, सड़क दुर्घटना में मरने वालों के परिजनों को 25 लाख रुपए मुआवजा देने आदि प्रस्ताव पारित किए गए।

डॉ सुनीलम ने संभागीय बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि रीवा संभाग समाजवादियों का गढ़ रहा है। डॉ राम मनोहर लोहिया द्वारा 1950 में हिंद किसान पंचायत का पहला अधिवेशन रीवा में किया गया था। सम्मेलन में डॉ राम मनोहर लोहिया द्वारा दिया गया भाषण आज भी किसानों के लिए मार्गदर्शक बना हुआ है।

डॉ सुनीलम ने कहा कि विंध्य के सिंगरौली सहित आदिवासी इलाकों में कंपनियों द्वारा आदिवासियों की जमीन हड़पने की कार्यवाही बड़े पैमाने पर की जा रही है लेकिन आदिवासियों की जमीन बचाने के लिए राजनीतिक दल आगे नहीं आ रहे हैं इसलिए विंध्य में एक ऐसे किसान संगठन की जरूरत है जो विंध्य के आदिवासियों और किसानों की जमीनें बचा सके।

कंपनियों द्वारा विंध्य में किसानों आदिवासियों की जमीनों की लूट को रोकने के लिए सिंगरौली में पक्का मोर्चा लगाया जाएगा

डॉ सुनीलम ने कहा कि विभिन्न कंपनियों में काम करने वाले मजदूरों को न्यूनतम मजदूरी भी नहीं दी जा रही है, श्रम विभाग कंपनियों का पिट्ठू बनकर काम कर रहा है।

## गेंहू उपार्जन एवं खाद्यान्न वितरण की समीक्षा बैठक 4 मार्च को

**मीडिया ऑडीटर, रीवा (निप्र)।** कलेक्ट्रेट सभागार में 4 मार्च को प्रातः 11 बजे से संभागीय समीक्षा बैठक आयोजित की जा रही है। बैठक की अध्यक्षता प्रमुख सचिव खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति करेंगी। बैठक में वर्ष 2025-26 में गेंहू उपार्जन की तैयारियों तथा सार्वजनिक वितरण प्रणाली से खाद्यान्न वितरण की जिलेवार समीक्षा की जाएगी। बैठक में आयुक्त खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति, संचालक किसान कल्याण तथा कृषि विकास, प्रबंध संचालक मार्कफेड, प्रबंध संचालक मध्यप्रदेश वेयरहाउस कार्पोरेशन, प्रबंध संचालक नागरिक आपूर्ति निगम, प्रबंध संचालक एपेक्स बैंक, महाप्रबंधक एफसीआई, नियंत्रक मापतौल, कमिश्नर रीवा संभाग तथा संभाग के सभी जिलों के कलेक्टर एवं संबंधित विभागीय अधिकारी शामिल होंगे।

कमिश्नर कार्यालय सभागार में आयोजित बैठक में कमिश्नर बीएस जामोद ने दिये निर्देश

# ई ऑफिस से जुड़ी व्यवस्थाएं तीन दिवस में करें



**मीडिया ऑडीटर, रीवा (निप्र)।** कमिश्नर कार्यालय सभागार में आयोजित बैठक में कमिश्नर बीएस जामोद ने विभागीय कार्यों तथा सीएम हेल्पलाइन प्रकरणों के निराकरण की समीक्षा की। कमिश्नर ने कहा कि मुख्यमंत्री जी, उप मुख्यमंत्री जी तथा प्रभारी सचिव महोदय द्वारा संभागीय बैठक में दिए गए निर्देशों का तीन दिवस में पालन प्रतिवेदन प्रस्तुत करें। सभी अधिकारी विभाग से संबंध बिंदुओं की अद्यतन जानकारी पोर्टल पर तत्काल दर्ज कराएं। समय सीमा का पालन न होने पर कड़ी अनुशासनात्मक कार्यवाही की जाएगी। सीएम हेल्पलाइन में भी बड़ी संख्या में आवेदन पत्र लंबित हैं। इस सप्ताह अभियान चलाकर लंबित प्रकरणों का निराकरण करें। सभी संभागीय अधिकारी प्रतिदिन सीएम हेल्पलाइन प्रकरणों के निराकरण की जिलेवार जानकारी अनिवार्य रूप से प्रस्तुत करें। सभी अधिकारी मऊगंज जिले से संबंधित प्रकरणों के निराकरण पर विशेष ध्यान दें। लगातार निर्देश देने के बावजूद अभी भी कई सेवानिवृत्त शासकीय सेवकों के पेंशन प्रकरण लंबित हैं। संभागीय अधिकारी लंबित पेंशन प्रकरणों को दर्ज कराएं। समय सीमा में प्रकरण दर्ज न होने पर संबंधित जिलाधिकारी के साथ-साथ संभागीय अधिकारियों के वेतनवृद्धि रोकने की कार्यवाही की जाएगी।

कमिश्नर ने कहा कि कर्मचारियों द्वारा आवश्यक अभिलेख उपलब्ध न कराने से जो पेंशन प्रकरण लंबित हैं उनकी कलेक्टर समीक्षा करें। संबंधित सेवानिवृत्त कर्मचारी और कार्यालय प्रमुख को समक्ष बुलाकर पेंशन प्रकरण निराकृत कराएं। संभागीय अधिकारी आगामी बैठक में उन जिलाधिकारियों के साथ उपस्थित रहें जिनके पास पेंशन प्रकरण लंबित है। कमिश्नर ने कहा कि मुख्य सचिव महोदय ने ई ऑफिस के संबंध में सभी विभाग प्रमुखों को निर्देश दिए हैं। ई ऑफिस की व्यवस्था लागू करने के लिए सभी अधिकारियों और कर्मचारियों के ईमेल बनाकर जिला सूचना एवं विज्ञान अधिकारी को उपलब्ध करा दें। ई ऑफिस के संबंध में अधोसंरचना से जुड़ी समस्त व्यवस्थाएं तीन दिवस में सुनिश्चित करें। डिजिटल हस्ताक्षर की भी व्यवस्था कर लें। ई ऑफिस के संबंध में शीघ्र ही मास्टर ट्रेनरों के माध्यम से अधिकारियों और कर्मचारियों को प्रशिक्षण दिया जाएगा।

कमिश्नर ने कहा कि संयुक्त संचालक नगरीय निकाय संभाग के सभी नगरीय निकायों में मछली पालन विभाग द्वारा मुख्यमंत्री मछुआ समृद्धि योजना के तहत स्थापित किए जाने वाले स्मार्ट फिश पार्लर के लिए जमीन उपलब्ध कराएं। संभाग के सभी कार्यालय प्रातः 10 बजे अनिवार्य रूप से शुरू हो जाएं। सभी अधिकारी और कर्मचारी निर्धारित मुख्यालय में अनिवार्य रूप से रहें। कमिश्नर ने कहा कि नवकरणीय ऊर्जा विभाग द्वारा शासकीय भवनों में सोलर पैनल लगाए जा रहे हैं। सभी अधिकारी अपने कार्यालय भवन का परीक्षण कराकर उपयुक्त पाए जाने पर सोलर पैनल अनिवार्य रूप से लगवाएं। अधीक्षण यंत्री पीएचई आगामी गर्मी को देखते हुए पेयजल की नियमित आपूर्ति की व्यवस्था करें। बिगड़े हैण्डपंपों के सुधार तथा बंद नलजल योजनाओं को सक्रिय करने के लिए तत्काल प्रयास शुरू करें। माध्यमिक शिक्षा मण्डल की बोर्ड परीक्षाएं शुरू हो गई हैं। किसी भी परीक्षा केन्द्र में नकल प्रकरण पाए जाने पर संबंधित केन्द्राध्यक्ष तथा कक्ष में तैनात वीक्षक पर कार्यवाही की जाएगी। संयुक्त संचालक शिक्षा बोर्ड परीक्षाओं के संबंध में प्रतिदिन जानकारी प्रस्तुत करें।

बैठक में कमिश्नर ने खाद्यान्न के समय पर उठाव तथा उचित मूल्य दुकानों से वितरण के निर्देश दिए। कमिश्नर ने कहा कि मार्च माह से विकासखण्ड स्तर पर जनकल्याण शिविर आयोजित किए जाएंगे। इनमें संभागीय अधिकारी भी शामिल होंगे। शिविर में भाग लेने के साथ-साथ विभागीय योजनाओं के क्रियान्वयन का जायजा भी लें।

स्वत्वाधिकारी मुद्रक/प्रकाशक संदीप द्विवेदी द्वारा मीडिया ऑडीटर पब्लिकेशन प्रा.लिमि. राजीव मार्ग निराला नगर रीवा से मुद्रित कर मीडिया ऑडीटर कार्यालय राजीव मार्ग निराला नगर रीवा से प्रकाशित, **संपादक संदीप द्विवेदी**, आर.एन.आई नं. 69082/97, डाक पंजीयन क्र.- म. प्र./ रीवा संभाग/ 46/2023-2025, प्रधान कार्यालय रीवा (सिटी कार्यालय चक्रधर सिटी सेंटर रीवा) फोन. नं. 9589645803, 7974467831 Mediaauditor1@gmail.com सभी विवादों का न्याय क्षेत्र रीवा होगा।